■ आश्विन कृष्णा - 30 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 82 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » शनिवार » 14-10-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित




5 पहले अमेठी के सांसद केवल चुनाव के समय नजर आते थे : योगी

6 उच्च शिक्षा प्राप्त कर विदेश में बस जाना देश के लिए नुकसानदेह

7 टाइगर अपने एक हाथ से दुश्मनों की सेना का मुकाबला कर सकता है : सलमान





## नवरात्रि घट स्थापना मुहूर्त

शारदीय नवरात्रा पर्व रविवार 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है। इस बार मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आ रही हैं। हाथी ज्ञान, सुख-समृद्धि, उन्नति और अच्छे स्वास्थ्य का प्रतीक है। मां की आराधना करने से निश्चय ही लाभ होता है।

घट स्थापना का शुभ मुहूर्त दिन में 10.23 बजे तक वैधृति नाम का योग रहेगा और इस योग में घट स्थापना करना शुभ नहीं माना गया है।

घट स्थापना के लिए श्रेष्ठ समय दिन में 11.41 बजे से दोपहर 12.29 बजे तक अभिजीत मुहूर्त का रहेगा। चौघड़िया अनुसार वैधृति योग उपरांत दिन में 10.23 बजे से 12.05 बजे तक लाभ-अमृत वेला में भी घट स्थापना कर सकते हैं।

– पंडित जगदीश आचार्य
मोबाइल : 9448417398

## फर्स्ट टेक

### अफगानिस्तान में भूकंप से 17,000 लोग प्रभावित

**संरा/वार्ता।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि अफगानिस्तान के हेरात में भूकंप से 17,000 से अधिक लोग और 110 से अधिक गांव प्रभावित हुए हैं। दुजारिक ने कहा , अंतरराष्ट्रीय स्टाफ अफगानिस्तान की जरूरतों का आकलन करने के लिए प्रभावित क्षेत्र में हैं। वह जल्द से जल्द नुकसान का आकलन करने का प्रयास कर रहे हैं। अफगानिस्तान के लिए हमारी मानवीय अपीलें – जैसे कि वहाँ अधिकांश स्थान अल्प वित्त पोषित हैं, लेकिन हम जितनी जल्दी हो सकेगा प्रभावित लोगों की मदद करने की कोशिश कर रहे हैं। दुजारिक के मुताबिक सप्ताह के शुरूआत में आए भूकंप में कम से कम 140 लोग घायल हुए हैं।

### रिजर्वबैंक ने यूनियन बैंक, आरबीएल बैंक, बजाज फाइनेंस पर लगाया जुर्माना

**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि निर्देशों का अनुपालन नहीं करने के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, आरबीएल बैंक और बजाज फाइनेंस लिमिटेड पर जुर्माना लगाया गया है। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि 'ऋण और अग्रिम – सांविधिक और अन्य प्रतिबंध' से संबंधित उसके निर्देशों का अनुपालन नहीं करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

| | |
|---|---|
| 14-10-2023 सूर्यास्त 5:50 बजे | 15-10-2023 सूर्योदय 5:59 बजे |
| BSE 66,282.74 (-125.65) | NSE 19,751.05 (-42.95) |
| सोना 5,998 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 75,500 रु. प्रति किलो |

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### परिवारवाद

पहला हक है संतानों का,
भाई का क्रम फिर उसके बाद।
विधवा पत्नी सर्वोपरि है,
उसमें ना कोई विवाद।
साले साली जीजा बहिनें,
कर रहे भतीजे भी फसाद।
है राजनीति में युग-युग से,
जड़ तक फैला परिवारवाद।।



### सतत विकास, महिला नेतृत्व और हरित ऊर्जा संबंधी

# संयुक्त घोषणा पत्र पर पी 20 में सर्वसम्मति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** जी- 20 सदस्य देशों की संसदों के अध्यक्षों के नौवें शिखर सम्मेलन- पी 20 में सतत विकास के लक्ष्यों , महिलाओं के नेतृत्व में विकास , हरित ऊर्जा और डिजिटलीकरण के माध्यम से जीवन स्तर को बेहतर बनाने संबंधी संयुक्त घोषणा पत्र को शुक्रवार को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस प्रस्ताव को सदस्य देशों के समक्ष रखा जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। बिरला ने भारत के नेतृत्व में इसे पी 20 सम्मेलन की बड़ी सफलता बताया और कहा कि इस एजेंडे को साकार करने में सभी संसदें मिलकर काम करेंगी।

संयुक्त घोषणा पत्र में कहा गया है कि सदस्य देशों की संसद संसदीय कूटनीति तथा संवाद के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय शांति , समृद्धि और सद्भावना को बढावा देने की दिशा में कार्य करने का संकल्प लेती हैं। सदस्य देशों की संसदों के अध्यक्षों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए भारत को बधाई दी। बिरला ने कहा कि दो सप्ताह से चले आ रहे विचार विमर्श के परिणामस्वरूप सभी सदस्य देश संयुक्त घोषणा पत्र पर आम सहमति बनाने में सफल रहे हैं।

# आतंकवाद के खिलाफ निरंतर सख्त रूख अपनाये जाने की जरूरत : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इजरायल और फलस्तीन में जारी संघर्ष के बीच सभी तरह के आतंकवाद को मानवता के लिए सबसे बडी चुनौती बताते हुए आज कहा कि टकराव और संघर्ष से भरी दुनिया किसी के हित में नहीं है तथा आतंकवाद से निपटने के लिए लगातार सख्त रवैया अपनाये जाने की जरूरत है। इजरायल और फलस्तीन के बीच संघर्ष का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि परस्पर विश्वास की कमी का सामना कर रही तथा बंटी हुई दुनिया टकरावों का समाधान नहीं कर सकती।

मोदी ने शुक्रवार को यहां यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में जी 20 देशों के संसदीय अध्यक्षों के नौवें पी 20 सम्मेलन का उदघाटन करते हुए कहा , ' आतंकवाद चाहे कहीं भी होता हो, किसी भी कारण से, किसी भी रूप में होता है, लेकिन वो मानवता के विरुद्ध होता है।ऐसे में आतंकवाद को लेकर हमें निरंतर सख्ती बरतने की जरूरत है! ' उन्होंने कहा कि दुनिया अभी संघर्षों और टकराव से जूझ रही है और इस तरह की दुनिया किसी के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि यह बंटी हुई दुनिया टकरावों का समाधान नहीं कर सकती । उन्होंने कहा ,' यह शांति और भाईचारे का समय है, साथ मिलकर चलने का समय है, साथ आगे बढ़ने का समय है। यह सबके विकास और कल्याण का समय है।' मोदी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद की परिभाषा को लेकर आम सहमति नहीं बनना दुखद है। आतंकवादी संगठन इसका फायदा उठा रहे हैं। दुनिया भर की संसदों को मंथन करना होगा कि जनभागीदारी के आधार पर इससे कैसे निपटा जाये।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी को एक पृथ्वी , एक परिवार और एक भविष्य के मूल मंत्र तथा भावना के साथ आगे बढते हुए विश्वास के संकट को दूर करना होगा। संयुक्त राष्ट्र में सुधारों की वकालत करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया से जुडे फैसलों में निर्णय लेते समय भागीदारी जितनी बडी होगी उन निर्णयों का प्रभाव भी उतना ही बडा होगा। इस संदर्भ में उन्होंने अफ्रीकी संघ को जी 20 देशों के समूह में शामिल करने की भारत की पहल का उदाहरण भी दिया।

भारतीय संसद पर आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने बडी हिम्मत और ताकत से उसका मुकाबला किया और इसी तरह की चुनौतियों से निपटते हुए ही भारत आज यहां तक पहुंचा है।

### दिल्ली आबकारी नीति मामला

## 'आप' सांसद संजय सिंह 27 तक न्यायिक हिरासत में



**नई दिल्ली/भाषा।** यहां की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित कथित घोटाला मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को शुक्रवार को 27 अक्टूबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इससे पहले, ईडी की हिरासत की अवधि खत्म होने पर सिंह को विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल के समक्ष पेश किया गया। न्यायाधीश ने संक्षिप्त सुनवाई के दौरान सिंह को अदालत के अंदर असंबद्ध मामलों पर बयान नहीं देने का भी निर्देश दिया।

## सऊदी अरब में अफगानी नागरिकों से 12 हजार पाकिस्तानी पासपोर्ट बरामद

**इस्लामाबाद/वार्ता।** सऊदी अरब में अधिकारियों ने अफगानिस्तान के नागरिकों से 12,000 पाकिस्तानी पासपोर्ट बरामद किये हैं। जियो न्यूज की रिपोर्ट की मुताबिक सऊदी अरब में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अवैध प्रवासियों, विशेषकर अफगानों को फर्जी नागरिकता दस्तावेज जारी करने वालों के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। इसी दौरान अधिकारियों ने रियाद में पाकिस्तानी दूतावास को अफगान नागरिकों से बड़ी संख्या में पाकिस्तानी पासपोर्ट बरामद होने की सूचना दी है।

## किसान अर्थव्यवस्था की रीढ़ है : धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किसानों से कृषि उत्पादों के बाजार से जुड़ने का आह्वान करते हुए शुक्रवार को कहा कि कृषक समाज देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। धनखड़ ने आज उनसे मिलने के लिए आए हरियाणा के किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जब किसान हंसता है तो पूरा देश हंसता है और सभी वर्गों में खुशहाली आती है। उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि उत्पादों के व्यापार में आगे आना चाहिए। कृषि उत्पादों का व्यापार दुनिया में बहुत बड़ा है।

उपराष्ट्रपति ने किसानों से मूल्य संवर्धन और किसान उत्पादक संगठन के गठन पर जोर देने को कहा। उन्होंने हरियाणा सरकार से पुरस्कृत प्रगतिशील किसानों को संसद भवन में बुलाकर सम्मानित किया और संसद में किसानों के साथ किया दोपहर का भोजन भी किया। धनखड़ आठ अक्टूबर को हरियाणा के हिसार में एकदिवसीय यात्रा पर गये थे, जहां उन्होंने चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय में कृषि विकास मेले के उद्घाटन किया था। इस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने किसानों को नया संसद भवन देखने के लिए आमंत्रित किया था।

उपराष्ट्रपति ने सभी किसानों से बातचीत की और उनको प्रमाण पत्र एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। किसानों के साथ हरियाणा के कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल और कृषि विभाग के अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

किसानों को संबोधित करते हुए धनखड़ ने किसानों को अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय संसद दुनिया की सबसे बड़ी पंचायत है। इस पंचायत में किसानों की चर्चा होनी चाहिए।



## मेक्सिको की सीनेट की अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री के हाथ पर राखी बांधी

**नई दिल्ली/भाषा।** मेक्सिको की सीनेट की अध्यक्ष एना लिलिया रिवेरा ने शुक्रवार को जी20 संसदीय अध्यक्षों के शिखर सम्मेलन (पी20) से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ पर 'राखी' बांधी। अधिकारियों ने कहा कि रिवेरा ने प्रधानमंत्री मोदी को 'राखी' बांधी और प्रधानमंत्री ने उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। नौवें जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी20) के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि दुनिया में कहीं भी और किसी भी रूप में आतंकवाद मानवता के खिलाफ है और संघर्षों से किसी को फायदा नहीं होता है। उन्होंने यह भी कहा कि ''यह समय शांति और भाईचारे का है'', क्योंकि एक विभाजित दुनिया बड़ी वैश्विक चुनौतियों का समाधान नहीं दे सकती है।

# इजराइली सेना ने दस लाख लोगों को गाजा क्षेत्र खाली करने का निर्देश दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**यरुशलम/एपी।** इजराइल की सेना ने गाजा सिटी में रहने वाले करीब 10 लाख लोगों को वहां से चले जाने का शुक्रवार को निर्देश दिया। इस निर्देश के बाद क्षेत्र में इजराइल की ओर से जमीनी कार्रवाई किए जाने की आशंका तेज हो गई है। संयुक्त राष्ट्र ने आगाह किया है कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों का जान बचा कर भागना घातक साबित हो सकता है, वहीं हमास ने इजराइली सेना के इस निर्देश को खारिज कर दिया और लोगों से अपने घरों में रहने को कहा है। हमास ने शनिवार को इजराइल पर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए थे, जिसके जवाब में इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हमास के मुख्य ठिकानों को निशाना बनाकर कार्रवाई की है। संघर्ष का आज सातवां दिन है।

निकासी आदेश में गाजा सिटी का हिस्सा भी आता है। इस आदेश के बाद नागरिकों के बीच भारी दहशत है। गाजा सिटी में 'पैलेस्टीनियन रेड क्रीसेंट' की प्रवक्ता नेबाल फारसाख ने रुंधे गले से कहा,'' भोजन के बारे में भूल जाइए, बिजली, ईंधन के बारे में भूल जाइए। इस वक्त की चिंता बस यही है कि क्या आप जिंदा रहने वाले हैं।'' युद्ध ने पहले ही दोनों पक्षों के 2,800 से अधिक लोगों की जान ले ली है और पूरे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। हाल में इजराइल ने लेबनान के आतंकवादी समूह हिजबुल्ला पर भी हवाई हमले किए हैं जिसे देखते हुए व्यापक संघर्ष की आशंका पैदा हो गई है हालांकि वह सीमा फिलहाल शांत है। पास के देशों में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान प्रदर्शन देखने को मिले। यरुशलम के पुराने शहर में तनाव अपने चरम पर है। पवित्र अल-अक्सा मस्जिद का जिम्मा संभालने वाली इस्लामिक संस्था ने कहा कि इजराइली प्राधिकारी 50 वर्ष से कम उम्र के पुरुषों को प्रवेश नहीं करने दे रहे हैं।

इजराइल ने सप्ताहांत के हमले के बाद से गाजा पर लगातार बमबारी की है। हमास के लड़ाकों ने देश के दक्षिणी क्षेत्र में हमला किया और सैकड़ों लोगों का नरसंहार किया। उन्होंने बच्चों और एक संगीत समारोह में शामिल युवाओं की हत्या भी की।

हमास ने 150 लोगों को अगवा कर लिया है और उन्हें गाजा ले गए हैं। हमास ने कहा कि गाजा पट्टी पर इजराइल की ओर से की गई भारी बमबारी में 13 बंधकों की मौत हो गई जिनमें विदेशी भी शामिल हैं। हमास की सैन्य शाखा ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि पिछले 24 घंटों में विभिन्न स्थानों पर 13 लोगों की जान गई है। वहीं इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हैगारी ने हवाई हमलों में बंधकों के मारे जाने की खबर को खारिज किया है और 'अल जजीरा अरैबिक' से कहा,''हमारी पास अपनी सूचना है और हम हमास के झूठ को नहीं मानते।''

### गाजा पट्टी में की छोटे स्तर पर छापेमारी : इजराइली सेना

**यरुशलम/एपी।** इजराइली सेना ने कहा है कि पहली बार उसके पैदल सैनिकों ने गाजा पट्टी के भीतर घुसकर छापेमारी की। इजराइली सेना ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि उसके सैनिक हमास के आतंकवादियों से लड़ने, उनके हथियारों को नष्ट करने और हमास द्वारा रखे गए लापता बंधकों के बारे में सबूत खोजने के लिए गाजा में दाखिल हुए थे। इजराइली सेना की यह घोषणा हालांकि, गाजा पर अपेक्षित जमीनी आक्रमण की शुरुआत नहीं मानी जा रही है। पिछले शनिवार को हमास आतंकवादियों द्वारा किए गए घातक हमले के बाद से ही इजराइल गाजा सीमा पर सैनिकों की संख्या बढ़ा रहा है।

## झारखंड में सियालदह-राजधानी एक्सप्रेस के अंदर यात्री ने की फायरिंग, गिरफ्तार

**धनबाद (झारखंड)/भाषा।** झारखंड के धनबाद में सियालदह-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में एक कोच अटेंडेंट के साथ सीट को लेकर हुए विवाद के दौरान 41 वर्षीय एक व्यक्ति ने गोलीबारी की। रेलवे के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) के धनबाद डिवीजन अंतर्गत आने वाले धनबाद और गोमो स्टेशनों के बीच कोच संख्या बी-7 में बृहस्पतिवार रात करीब पौने दस बजे हुई घटना के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी सेना का सेवानिवृत कर्मी है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक (धनबाद रेल डिवीजन) अमरेश कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हरविंदर सिंह के रूप में पहचाने गए व्यक्ति से पूछताछ जारी है। प्रथम दृष्टया, ऐसा प्रतीत होता है कि जब उसने गोलीबारी की, तब वह नशे में था।''

# जल्द ही दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क होगा भारत होगा : पुरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** आवास एवं शहरी मामलों तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत का मेट्रो रेल नेटवर्क जल्दी ही दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क हो जाएगा।

पुरी ने कहा कि सरकार देश भर में शहरी परिवहन नेटवर्क को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक पुरी आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) से जुड़ी संसद की सलाहकार समिति के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे।

बैठक का एजेंडा शहरी परिवहन था। इसमें मंत्रालय के शहरी परिवहन विभाग में संयुक्त सचिव जयदीप ने देश भर में मेट्रो नेटवर्क के विकास पर विवरण भी प्रस्तुत किया।

सांसदों के सवालों के जवाब में पुरी ने बताया कि फिलहाल देशभर के 20 शहरों में करीब 874 किलोमीटर मेट्रो रेल चालू है और विभिन्न शहरों में करीब 986 किलोमीटर मेट्रो रेल निर्माणाधीन है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बनाने की राह पर है। इस मामले में चीन और अमेरिका अभी क्रमश: पहले तथा तीसरे स्थान पर हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार चीन में कुछ समय पूर्व तक रेल का कुल नेटवर्क 9800 किलोमीटर तथा अमेरिका में यह 1400 किलोमीटर के आस पास है।

विज्ञप्ति के अनुसार पुरी ने सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर 10,000 ई-बसों को तैनात करके सिटी बस संचालन को बढ़ाने के लिए हाल ही में कैबिनेट द्वारा अनुमोदित एक योजना 'पीएम-ईबस सेवा' के बारे में भी उल्लेख किया।

# ‘प्रियंका को झूठी घोषणाएं करने को मजबूर कर रहे हैं नाथ’



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य में छात्रों को निशुल्क शिक्षा और नकद प्रोत्साहन देने का वादा करने के लिए शुक्रवार को कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमल नाथ गांधी परिवार पर झूठी घोषणाएं करने का दबाव बनाकर उन्हें भी धोखा दे रहे हैं।

चौहान 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले बृहस्पतिवार को आदिवासी बहुल मंडला जिले में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा के एक सार्वजनिक संबोधन का जिक्र कर रहे थे। चौहान ने अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा ,''पहले गांधी परिवार ने सभी को धोखा दिया लेकिन अब कमलनाथ गांधी परिवार को धोखा दे रहे हैं। जिस तरह से प्रियंका गांधी को घोषणा करने के लिए कहा गया, मैंने वह वीडियो देखा है। वह कई घोषणाएं करके बैठ चुकी थीं..फिर उन्होंने कहा एक और अहम घोषणा ..।

चौहान ने कहा कि जब प्रियंका ने घोषणा की कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आई तो मध्य प्रदेश में कक्षा एक से 12वीं तक के बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाएगी, तब कमलनाथ उनके पास गए और उनसे कुछ सुधार करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा,'' प्रियंका ने कहा, आप बोलें लेकिन नाथ ने जोर देकर कहा कि केवल वही बोलें और फिर उन्होंने भाषण पढ़ना शुरू किया और घोषणा की कि कक्षा एक से आठवीं तक 500 रुपये, 8-10वीं तक 1,000 रुपये और 10वीं-12वीं तक 1,500 रुपये प्रतिवर्ष दिए जाएंगे।''

चौहान ने दावा किया कि तभी कांग्रेस महासचिव और पार्टी की मध्य प्रदेश इकाई के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला प्रियंका के पास आए और उनसे घोषणा में प्रति वर्ष के बजाय प्रति माह करने को कहा। चौहान ने कहा, '' ...लेकिन मैडम ने कहा कि भाषण में 'प्रतिवर्ष' लिखा था..जरा सोचिए, वे पहले कुछ लिखते हैं..और उसे पढ़ने के लिए कहते हैं..उनकी गंभीरता देखिए....फिर इसे 'प्रतिवर्ष' से बदलकर 'प्रतिमाह' कर देते हैं। उनका न तो कुछ करने का इरादा है, न देने का, न लेने का।'' उन्होंने कहा कि पहले भी उन्होंने (कमलनाथ) राहुल गांधी (तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष) से झूठी घोषणा करवाई थी कि अगर किसानों का कर्ज माफ नहीं किया गया तो 10 दिनों के भीतर मुख्यमंत्री बदल दिया जाएगा।

वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि वोट मांगने के लिए लोगों को भ्रमित करना कांग्रेस की नीति है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.17 अरब डॉलर घटकर 584.74 अरब डॉलर पर रहा

**मुंबई/भाषा।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 2.17 अरब डॉलर घटकर 584.74 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का कुल मुद्रा भंडार 3.79 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 586.91 अरब डॉलर था। अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। लेकिन पिछले साल वैश्विक घटनाक्रम से पैदा हुए दबावों के बीच आरबीआई ने रुपये की विनिमय दर में गिरावट को रोकने के लिए इस पूंजी भंडार का उपयोग किया था जिससे विदेशी मुद्राभंडार में कमी आई।

रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, छह अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 70.7 करोड़ डॉलर घटकर 519.53 अरब डॉलर रही। डॉलर में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.42 अरब डॉलर घटकर 42.31 अरब डॉलर रहा।

आंकड़ों के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.5 करोड़ डॉलर घटकर 17.92 अरब डॉलर रहा। आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास रखा देश का मुद्रा भंडार 1.9 करोड़ डॉलर घटकर 4.98 अरब डॉलर रहा।



## जीएसटी प्रणाली ने राजकोषीय संघवाद की रूपरेखा बदल दी: विवेक देबरॉय

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के चेयरमैन बिबेक देबरॉय का कहना है कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली ने भारत में राजकोषीय संघवाद की रूपरेखा बदल दी है और जीएसटी राजस्व में लगातार वृद्धि होना इस सुधार की सफलता का एक पैमाना है। देबरॉय ने जीएसटी राजस्व पर केंद्रित अपने एक कार्य-पत्र में 'जीएसटी दर सूचकांक' बनाने का प्रस्ताव भी रखा है। उन्होंने कहा है कि इस सूचकांक से कर दरों की सापेक्षिक गतिशीलता को परखने और कर संग्रह एवं करदाताओं के व्यवहार पर इसके प्रभाव के आकलन में मदद मिलेगी।

देबरॉय ने कहा, जुलाई, 2017 में भारत में जीएसटी की शुरुआत ने न केवल अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया बल्कि इसने भारत में राजकोषीय संघवाद की रूपरेखा भी बदल दी। जीएसटी राजस्व में लगातार वृद्धि होना इस सुधार की सफलता का एक मजबूत पैमाना है। उन्होंने सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आंकड़ों का उपयोग करके जीएसटी संग्रह दर की गणना की एक व्यवस्था बनाने का सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व मॉडलिंग में कई अनुप्रयोग हो सकते हैं और यह समय एवं भौगोलिक क्षेत्रों में रुझानों का विश्लेषण करने के साथ नीति निर्माण में भी मददगार हो सकता है। देबरॉय ने कहा, हम एक जीएसटी दर सूचकांक बनाने का प्रस्ताव रखते हैं। यह सूचकांक प्रभावी दर का एक संकेतक होगा और इसकी गणना सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आंकड़ों का इस्तेमाल करते हुए की जाएगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद से छह वर्षों में जीएसटी राजस्व संग्रह लगातार मजबूत हुआ है। यह बात घरेलू आपूर्ति पर संग्रह और आयात पर भुगतान किए गए एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) दोनों के लिए सच है।

## टाटा मोटर्स 1,613 करोड़ रुपये में बेचेगी टीटीएल की 9.9 प्रतिशत हिस्सेदारी

**नई दिल्ली/भाषा।** घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने शुक्रवार को कहा कि वह सहयोगी कंपनी टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (टीटीएल) में अपनी 9.9 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,613.7 करोड़ रुपये में टीपीजी राइज क्लाइमेट को बेचने जा रही है। टाटा मोटर्स ने एक बयान में कहा कि उसने इस संबंध में एक शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत टीपीजी राइज क्लाइमेट को 1,613.7 करोड़ रुपये में टीटीएल की 9.9 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची जाएगी। इस सौदे के तहत वाहन डिजाइन कंपनी टीटीएल का इक्विटी मूल्य 16,300 करोड़ रुपये आंका गया है। हिस्सेदारी खरीद के लिए टीपीजी राइज क्लाइमेट अग्रणी निवेशक के तौर पर सामने आई है।

## शाकाहारी भोजन की जगह मांसाहारी खाना की डिलिवरी करने पर जोमैटो, मैकडॉनल्ड्स पर जुर्माना

**नई दिल्ली/भाषा।** ऑनलाइन खाना ऑर्डर करने की सुविधा देने वाला मंच जोमैटो और रेस्तरां भागीदार मैकडॉनल्ड्स पर शाकाहारी भोजन की जगह मांसाहारी भोजन की कथित गलत डिलिवरी के लिए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जोधपुर के जिला उपभोक्ता विवाद निपटान मंच ने दोनों पर यह जुर्माना लगाया। जोमैटो ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी आदेश के खिलाफ अपील दायर करेगी। कंपनी ने बताया कि जिला उपभोक्ता विवाद निपटान मंच (द्वितीय) जोधपुर ने जोमैटो और रेस्तरां भागीदार मैकडॉनल्ड्स पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के उल्लंघन को लेकर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही मुकदमे की लागत के रूप में 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। मैकडॉनल्ड्स के जरिए इस ऑर्डर की डिलिवरी की गयी थी। उपभोक्ता अदालत ने कहा कि मौद्रिक जुर्माना और मुकदमे की लागत जोमैटो और मैकडॉनल्ड्स को संयुक्त रूप से अदा करना है। जोमैटो ने कहा कि वह वकीलों की सलाह पर आदेश के खिलाफ अपील दायर करने की प्रक्रिया में है। कंपनी ने कहा, ''मौजूदा मामला शाकाहारी खाना के स्थान पर मांसाहारी भोजन की कथित रूप से गलत डिलिवरी से संबंधित है।'' जोमैटो के अनुसार ग्राहकों और कंपनी के बीच संबंधों को तय करने वाली जो सेवा शर्तें हैं, उसमें साफ है कि वह (जोमैटो) केवल खाने के सामान की बिक्री के लिए एक सुविधा प्रदान करने वाला मंच है।

## कांग्रेस तेलंगाना विस चुनाव में वोट खरीदने के लिए करोड़ों रुपये लगा रही है : बीआरएस नेता रामाराव का आरोप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामा राव ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव में वोट खरीदने के लिए तेलंगाना में करोड़ों रुपये लगा रही है।

कर्नाटक में आयकर के छापे के दौरान 40 करोड़ रुपये से अधिक नकदी पाये जाने से जुड़ी एक खबर को टैग करते हुए रामा राव ने 'एक्स (पूर्व में ट्विटर)' पर एक पोस्ट में लोगों से तेलंगाना में 'स्कैमग्रेस को ना' कहने की अपील की। उन्होंने पोस्ट में कहा, ''बौद्धिक रूप से दिवालिया कांग्रेस और इसका नेतृत्व तेलंगाना में वोट खरीदने के लिए कर्नाटक से करोड़ों रुपये भेज रहा है।'' तेलंगाना सरकार में मंत्री रामा राव ने कहा, ''उनके 'पीसीसी चीप' नोट के बदले वोट कांड में रिश्वत देते हुए कैमरे में कैद हुए थे और अब वह ठगों के समूह का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसकी उम्मीद की जा रही थी। आइए, तेलंगाना में 'स्कैमग्रेस' को ना कहें।''

वहीं, स्वास्थ्य मंत्री टी हरीश राव ने संवाददाताओं से कहा कि पहले कर्नाटक में ''40 प्रतिशत कमीशन सरकार'' थी और अब यह ''50 प्रतिशत (कमीशन की)'' हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक सरकार भ्रष्ट हो गई है और कांग्रेस वह पैसा तेलंगाना लाने तथा यहां चुनावों में खर्च करने की कोशिश कर रही है।

हरीश राव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव जीतने के लिए इसमें खर्च करने के वास्ते कर्नाटक में रियल एस्टेट कारोबारियों, सोने के सौदागरों और ठेकेदारों से करीब 1,500 करोड़ रुपये एकत्र किये हैं। उन्होंने दावा किया, ''वह (कांग्रेस पार्टी) बेंगलुरु से चेन्नई और हैदराबाद के रास्ते पैसा लाने की योजना बना रही है। यह पता चला है कि कुछ रकम चेन्नई और हैदराबाद पहले ही पहुंच गई है।'' उन्होंने धन को भेजने में शामिल ठेकेदारों या कारोबारियों को इस कृत्य की भारी कीमत चुकाने की चेतावनी दी।



## चंद्रयान-2 की नाकामी के बाद चंद्रयान-3 को निर्धारित किया गया : इसरो के पूर्व प्रमुख सिवन

**पणजी/भाषा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख के. सिवन ने शुक्रवार को कहा कि चंद्रयान-2 की नाकामी के एक दिन बाद चंद्रयान-3 को निर्धारित किया गया था और इसके लिए तुरंत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंजूरी मिल गई थी।

दक्षिण गोवा में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) के नौवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए सिवन ने कहा कि किसी को भी नाकामियों से सीखना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा, ''चंद्रयान-2 की नाकामी के महज एक दिन बाद, हमने चंद्रयान-3 को निर्धारित किया। हमने नाकामी के कारण इसे ठंडे बस्ते में नहीं डाला।''

## गडकरी ने गांवों की समृद्धि के लिए आदिवासी, ग्रामीण और कृषि केंद्रित अनुसंधान, नवाचार का आह्वान किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**छत्रपति संभाजीनगर (महाराष्ट्र)/ भाषा।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि गांवों की समृद्धि के लिए आदिवासी, ग्रामीण और कृषि केंद्रित अनुसंधान तथा नवाचार की जरूरत है। वह छत्रपति संभाजीनगर में महात्मा गांधी मिशन विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा, ''हम सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश हैं। हमारे प्रधानमंत्री देश को पांच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का सपना देखते हैं। इसके लिए, हमें आदिवासी, ग्रामीण और कृषि-केंद्रित अनुसंधान तथा नवाचार की आवश्यकता है।'' उन्होंने कहा, ''पहले देश की 90 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती थी और अब यह संख्या घटकर 65 प्रतिशत रह गई है। लोगों ने खुशी से नहीं, बल्कि गांवों की समस्याओं के कारण पलायन किया है।''

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''आज, हमारे पास कपास है जो सस्ता है, लेकिन कपड़े महंगे हैं। संतरे और टमाटर सस्ते हैं, लेकिन उनका रस महंगा है। हमें कृषि से लेकर बिजली और ऊर्जा क्षेत्र तक विविधीकरण के माध्यम से गांवों में समृद्धि लाने की जरूरत है। बायोमास से इथेनॉल बनेगा और हम कृषि अपशिष्ट से जैव-सीएनजी और एलएनजी बना सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश 16 लाख करोड़ रुपये का जीवाश्म ईंधन आयात कर रहा है। गडकरी ने कहा कि अगर किसान ऊर्जा उत्पादन में शामिल हो जाएं और 10 लाख करोड़ रुपये की ऊर्जा का उत्पादन करने में सक्षम हों, तो गांव समृद्ध होंगे और लोग गांवों में लौटेंगे।

छात्रों से 'शॉर्टकट' न अपनाने की अपील करते हुए गडकरी ने कहा, ''यहां बैठे छात्रों को नौकरी प्रदाता बनना चाहिए, नौकरी मांगने वाला नहीं। सीखने की कोई उम्र नहीं होती। हम जिस किसी से भी, जो कुछ भी सीख सकते हैं, सीखना चाहिए। कई मामलों में, जो लोग स्कूल नहीं गए वे अद्भुत काम कर रहे हैं।'' कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय ने दिवंगत कवि वामनदादा कर्डक को सामाजिक समानता की दिशा में उनके काम और लेखन के लिए मरणोपरांत डी लिट से सम्मानित किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अंकुशराव कदम और कुलपति विलास सपकाल, पूर्व शिक्षा मंत्री कमलकिशोर कदम उपस्थित थे।



## जलविद्युत परियोजनाओं से हिमालय में आपदाओं का खतरा बढ़ रहा है: विशेषज्ञों ने कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** पर्यावरण विशेषज्ञों और कार्यकर्ताओं ने चेताया है कि संवेदनशील हिमालयी क्षेत्र में जलविद्युत परियोजनाओं के निर्माण के दौरान मानदंडों के उल्लंघन से पर्वतीय राज्यों में आपदाओं का खतरा बढ़ रहा है। पिछले सप्ताह सिक्किम में ल्होनक झील में हिमनद झील के फटने से आई बाढ़ के कारण मंगन, गंगटोक, पाकयोंग और नामची जिलों में जबरदस्त नुकसान हुआ था। इस घटना के कारण चुंगथांग बांध भी टूट गया था जिसे तीस्ता-3 बांध भी कहा जाता है। विशेषज्ञों और कार्यकर्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि तीस्ता नदी पर बने बांधों की शृंखला ने आपदा को बढ़ावा दिया और प्रस्तावित तीस्ता चार बांध को रद्द करने की मांग की।

पिछले दो दशकों में कई बार सरकारी एजेंसियों और शोध अध्ययनों में सिक्किम में हिमनद झील में बाढ़ के संभावित प्रकोप (जीएलओएफ) के बारे में चेताया गया है जिससे जानमाल का काफी नुकसान हो सकता है।

केंद्रीय जल आयोग द्वारा 2015 में किये गये एक अध्ययन में राज्य सरकार को स्पष्ट रूप से सूचित किया गया था कि तीस्ता पर ज्यादातर जलविद्युत परियोजनाओं से ऐसी घटनाओं का अधिक खतरा है।

'अफेक्टेड सिटिजन्स ऑफ तीस्ता' (एसीटी) के महासचिव ग्यात्सो लेप्चा ने कहा, ''1,200 मेगावाट की तीस्ता-3 पूरी तरह बह गई। यह बांध ल्होनक झील से केवल 30 किलोमीटर दूर बनाया गया था। राज्य सरकार घटिया निर्माण के लिए पिछली सरकार को जिम्मेदार ठहरा रही है। पिछली सरकार जीएलओएफ पर आरोप लगा रही है, लेकिन इतने संवेदनशील इलाके में बांध के निर्माण पर कोई सवाल नहीं उठा रहा है।'' उन्होंने कहा, ''यह कोई प्राकृतिक आपदा नहीं है, और अब हम जवाबदेही के साथ-साथ प्रस्तावित तीस्ता चार बांध परियोजना को रद्द करने की मांग कर रहे हैं।''

विशेषज्ञों ने कहा कि बढ़ते वैश्विक तापमान के कारण हिमालय के हिमनदों का पिघलना तेज हो गया है और तीस्ता नदी पर बने बांधों के कारण बाढ़ का प्रभाव और तीव्रता गंभीर रूप से बढ़ गई है।

## भारत-पाक मैच के दौरान गुजरात ‘अलर्ट मोड’ पर, अहमदाबाद में 6000 पुलिसकर्मी तैनात

**गांधीनगर/भाषा।** भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को अहमदाबाद में होने वाले विश्व कप के मैच के दौरान गुजरात में विभिन्न ईकाई के पुलिस प्रमुखों को 'अलर्ट मोड' पर रहने , असामाजिक तत्वों और संवेदनशील इलाकों पर पैनी नजर रखने के लिये कहा गया है ।

प्रदेश के डीजीपी विकास सहाय ने कहा कि गुजरात पुलिस बल के 6000 पुलिसकर्मी, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, त्वरित कार्यबल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के साथ अहमदाबाद और नरेंद्र मोदी स्टेडियम में तैनात होंगे । उन्होंने कहा कि सुरक्षा के पांच पहलू होंगे , स्टेडियम और दर्शकों की सुरक्षा , यातायात और पार्किंग का इंतजाम, क्रिकेट टीमों की सुरक्षा, असामाजिक तत्वों पर नजर और यह सुनिश्चित करना कि पूरे प्रदेश में कोई अप्रिय घटना नहीं घटे ।

उन्होंने कहाकि गुजरात पुलिस पूरी तरह से तैयार है और यह सुनिश्चित करेगी कि क्रिकेट मैच बिना किसी बाधा के हो जाये । हमने अहमदाबाद अपराध शाखा, आतंकवाद निरोधक दस्ता और विशेष कार्यसमूह को भी तैनात किया है ।




## एयर इंडिया एक्सप्रेस 50 नये बोइंग 737 मैक्स विमानों को शामिल करेगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अगले 15 महीनों में अपने बेड़े में 50 नये बी737 मैक्स विमानों को शामिल करने की योजना बनाई है।

गौरतलब है कि टाटा समूह की इस कंपनी में एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) के विलय की प्रक्रिया भी जारी है। एयर इंडिया एक्सप्रेस की संयुक्त इकाई और एआईएक्स कनेक्ट 18 अक्टूबर को अपना नया ब्रांड पेश करेंगी।

एयर इंडिया एक्सप्रेस और एआईएक्स कनेक्ट के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने इस सप्ताह कर्मचारियों को एक संदेश में कहा कि दोनों एयरलाइंस के एकीकरण के कई मील के पत्थर हासिल किए गए हैं, जिनमें एक साझा आरक्षण और चेक-इन प्रणाली को अपनाना शामिल है।

संयुक्त इकाई के पास इस समय 56 विमानों का बेड़ा है, जिसमें 26 बी737, दो बी737 मैक्स, पांच ए320 नियो और 23 ए320 शामिल हैं।

सिंह ने संदेश में कहा, 'अगले 15 महीनों में कुल 50 नए बी737 मैक्स विमान एलसीसी बेड़े में शामिल होंगे। इससे हमें अपने नेटवर्क को नये गंतव्यों तक बढ़ाने और मौजूदा मार्गों पर उड़ानों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलेगी।'

## अडाणी मामले में ताजा खुलासों से 12,000 करोड़ रुपये की हेराफेरी का संकेत मिलता है: कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि एक विदेशी समाचार पत्र द्वारा अडाणी समूह से संबंधित मामले में किए गए ताजा खुलासे से संकेत मिलता है कि 'दो वर्षों में 12,000 करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी हुई होगी।'

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने बयान में इसे आधुनिक भारत का ''सबसे बड़ा घोटाला'' करार दिया और दावा किया कि करोड़ों भारतीय नागरिकों की जेब से वस्तुत: चोरी की गई है। उन्होंने सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर अडाणी समूह को संपत्ति हासिल करने में 'मदद करने' का भी आरोप लगाया। रमेश ने आरोप लगाया कि भाजपा के पास चुनावी बॉन्ड का पैसा है जिसकी बदौलत वह विधायक खरीदती और विपक्षी दलों को तोड़ती है। इन आरोपों पर अडाणी समूह की ओर से प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। रमेश ने कहा, ''यह आधुनिक भारत का सबसे बड़ा घोटाला है। इसमें लालच और संवेदनहीनता के साथ-साथ भारत के लोगों के प्रति उदासीनता का मिश्रण है। यह इस विश्वास पर आधारित है कि ऐसा कोई घोटाला नहीं है जिसे 'मैनेज' नहीं किया जा सके और ऐसा कोई मुद्दा नहीं है जिससे ध्यान न भटकाया जा सके। लेकिन शहंशाह गलत हैं। भारत पर 'मोडानी' का कब्जा नहीं होगा। भारत की जनता 2024 में जवाब देगी।'' उनके मुताबिक, ब्रिटिश समाचार पत्र 'फाइनेंशियल टाइम्स' के ताजे खुलासे में 2019 और 2021 के बीच अडाणी के 31 लाख टन मात्रा वाले 30 कोयला शिपमेंट का अध्ययन किया गया, जिसमें कोयला व्यापार जैसे कम मुनाफे वाले व्यवसाय में भी 52% लाभ पाया गया।

अमेरिकी कंपनी 'हिंडनबर्ग रिसर्च' द्वारा अडाणी समूह के खिलाफ 'अनियमितताओं' और स्टॉक मूल्य में हेरफेर का आरोप लगाए जाने के बाद से कांग्रेस इस कारोबारी समूह पर निरंतर हमलावर है।

## भाजपा विधायक नारायण त्रिपाठी ने दिया इस्तीफा, नए संगठन से लड़ेंगे मप्र चुनाव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भोपाल/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक नारायण त्रिपाठी ने शुक्रवार को औपचारिक रूप से पार्टी छोड़ दी और कहा कि उनका नवगठित दल अगले महीने होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में विंध्य क्षेत्र को अलग राज्य का दर्जा दिलाने के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगा। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया कि उनका संगठन विंध्य जनता पार्टी (वीजेपी) का लक्ष्य 17 नवंबर के चुनाव में विंध्य क्षेत्र से भाजपा को बाहर करना होगा।

चार बार के विधायक एवं एक प्रभावशाली ब्राह्मण नेता ने कहा, ''मैंने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता और विधानसभा से भी इस्तीफा दे दिया है। भाजपा दोहरे मापदंड अपनाती है। इसकी कथनी और करनी बहुत अलग हैं।'' भाजपा के टिकट पर दो बार विधानसभा के लिए चुने जाने से पहले त्रिपाठी कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) से भी मप्र विधानसभा के लिए चुने गए थे। वह एक समय सपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष रह चुके हैं।

मार्च 2020 के बाद राज्य में भाजपा नेतृत्व के साथ उनके संबंधों में कथित तौर पर खटास आ गई और उन पर कांग्रेस के करीब जाने का आरोप लगाया गया।

# कल से शारदीय नवरात्रि की होगी धूम





## अनेक पूजा पांडालों के लिए प्रतिमाएं हो गई हैं तैयार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** रविवार से शारदीय नवरात्र का शुभारंभ होने जा रही है महानगर चेन्नई में भी एक दर्जन से भी अधिक उपनगरीय इलाकों में दुर्गा पूजा की तैयारी पूरे जोर-शोर से शुरू हो चुकी है। मूर्तिकार किशोरी मोहनपाल एवं उनके सहयोगी मां दुर्गा के प्रतिमा को अंतिम रूप देने में व्यस्त हैं। इस बार दुर्गा पूजा की मूर्तियों के बिक्री के प्रति आशान्वित दिखते है उनका कहना है कि पिछले 2 साल 2021 और 2022 में वैश्विक महामारी कोरोना काल में उन्हें भारी क्षति उठानी पड़ी थी। लॉकडाउन एवं सरकार द्वारा प्रतिबंध के कारण मां दुर्गा के प्रतिमाओं की बिक्री नहीं हो पाई थी जिससे उन्हें बहुत ही नुकसान उठाना पड़ा था। लेकिन इस साल हालात सामान्य है भारी संख्या में मूर्तियों का आर्डर मिला हुआ है चेन्नई समेत तमिलनाडु के ग्रामीण इलाकों के लिए भी मूर्तियां तैयार की जा रही है। तमिलनाडु के नेवेली, पांडिचेरी, बेलूर रानीपेट, गुमड़ीपुंडी समेत अन्य जिलों के लिए भी आर्डर प्राप्त है। अलग अलग ऊंचाई की दुर्गा मां की प्रतिमाएं तैयार की जा रही है जिसे शनिवार को अपने गंतव्य पूजा पांडालों में भेजा जाएगा। और रविवार को सुबह कलश स्थापना होगी उससे पहले तमाम प्रतिमाओं को रंगों का कार्य पूर्ण किया जा रहा है।

चेन्नई महानगर के उपनगरीय इलाका वेस्ट माम्बालम, तांबरम एयरपोर्ट, आवडी एयरफोर्स एरिया, साहुकारपेट, टी नगर, थिरुमंगलम, बेसेन्ट नगर, चुलै, तंडियारपेट, एमकेवी नगर, माधवरम आदि इलाकों के प्रतिमाएं भी शनिवार को रात तक भेज दी जाएगी।

मूर्तिकार किशोरी मोहन पाल के अनुसार चेन्नई के बेसेंट नगर में पश्चिम बंगाल दुर्गा पूजा एसोसिएशन द्वारा की जा रहे दुर्गा पूजा का पंडाल में सबसे भव्य और प्रतिमाएं जिसकी ऊंचाई 11 फीट से भी अधिक होती हैं। अलग साइज के प्रतिमाओं का अलग-अलग दाम होते हैं। 20 हजार से लेकर सवा लाख रुपए तक की भी प्रतिमाएं वह बना रहे हैं। उन्हें इस बात का उम्मीद है कि इस बार दुर्गा पूजा के अवसर पर सभी के सभी मूर्तियां बिक जाएगी और पिछले दो सालों के क्षति को पूरा कर लिया जाएगा।

उद्घाटन — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में भारत के वीकेसी ने पहले 'माई वीकेसी' स्टोर के साथ ईबीओ में प्रवेश किया। वीकेसी समूह के चेयरमैन और वीकेसी ममद कोया ने यहां के रेडहिल में पहले वीकेसी एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट का उद्घाटन किया। वीकेसी समूह के प्रबंध निदेशक वीकेसी रजाक, निदेशक वी. रफीक, केसी चाको और बाबू भी इस मौके पर उपस्थित थे।

## प्रशांत फर्टिलिटी रिसर्च सेंटर के कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टर देंगे परामर्श

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/दक्षिण भारत।** प्रशांत फर्टिलिटी रिसर्च सेंटर (पीएफआरसी) भारत के प्रमुख फर्टिलिटी केंद्रों में से एक है, जो चेटपेट, वेलाचेरी और कोलाथुर, चेन्नई में स्थित है। सेन्टर की प्रमुख डॉ. गीता हरिप्रिया ने बताया कि अस्पताल द्वारा 15 अक्टूबर को ओल्ड वाशरमैनपेट में तमिलनाडु टॉवर, 729 टीएच रोड पर शिविर का आयोजन करेगा। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया जाएगा।



अस्पताल ने बताया कि वह दुनियाभर के नवीनतम उपकरणों से सुसज्जित है, जिसमें समर्पित कर्मचारियों और योग्य डॉक्टरों की एक टीम है, जिनके पास प्रजनन देखभाल में व्यापक अनुभव है। अस्पताल ने बताया कि उसकी सफलता की दर उच्चतम में से एक है और वह आईवीएफ उपचार में महारत रखता है। वह दुनियाभर में 50,000 से ज्यादा शिशुओं के जन्म में भागीदार बना है। पिछले 40 वर्षों से प्रजनन चिकित्सा के क्षेत्र में रहने के कारण, उसने कई चुनौतियों को करीब से देखा और उनका समाधान किया है। अस्पताल में इस क्षेत्र से संबंधित अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाता है। यही नहीं, बार-बार आईयूआई/आईवीएफ विफलता वाले रोगियों के इलाज में भी सफलता की दर ज्यादा है। कैंप के लिए फोन नं. 9940157127 पर जानकारी ली जा सकती है।

## नेशनल सेंटर ऑफ एजिंग में 256 अतिरिक्त पदों के लिए कुल 9.63 करोड़ रुपये मंजूर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** बुजुर्गों के स्वास्थ्य देखभाल के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत किंग इंस्टीट्यूट ऑफ प्रिवेंटिव मेडिसिन एंड रिसर्च सेंटर में नव स्थापित नेशनल सेंटर ऑफ एजिंग के लिए चिकित्सा पेशेवरों के लिए कुल 256 अतिरिक्त पद सृजित किए गए हैं। चिकित्सा शिक्षा निदेशालय द्वारा आवर्ती व्यय के रूप में 9.63 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है प्रारंभिक चरण में नेशनल सेंटर ऑफ एजिंग के लिए विभिन्न श्रेणियों के लगभग 20 पद सृजित किए गए थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने नेशनल सेंटर फॉर एजिंग के लिए 31.16 करोड़ रुपये के आवर्ती व्यय के लिए अनुदान सहायता जारी की चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशक ने केंद्र के लिए अतिरिक्त पदों के सृजन का प्रस्ताव भेजा है। इसके अतिरिक्त, नियमित कर्मचारियों के लिए कुल 53 और अनुबंध कर्मचारियों के लिए 203 पद सृजित किए गए हैं

## दक्षिण रेलवे से एक ही दिन में की रिकार्ड वसूली

### टिकट परीक्षण द्वारा एक ही दिन में 20.19 लाख का जुर्माना वसूला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे ने अपने अधिकृत रेल उपयोगकर्ताओं के लिए आरामदायक यात्रा और बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दक्षिण रेलवे का चेन्नई डिवीजन टिकट रहित और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए उपनगरीय, मेल/एक्सप्रेस, यात्री ट्रेनों में गहन टिकट जांच अभियान चलाता रहता है।

12 अक्टूबर को 539 टिकट चेकिंग स्टाफ की समर्पित टीम ऑन ड्यूटी ने एक ही दिन में 20.19 लाख रुपये का जुर्माना वसूल कर एक नया रिकॉर्ड बनाया, यह वित्तीय वर्ष 2023-2024 में एक दिन में अब तक का सबसे अधिक जुर्माना है। इस दिन बिना टिकट/अनियमित यात्रा के कुल 4,404 मामले दर्ज किए गए। जिनमें से बिना टिकट यात्रा करने के दर्ज मामलों की संख्या 1,934 थी और बकाएदारों से जुर्माने के रूप में 10.25 लाख रुपये वसूले गए, जबकि 1,832 मामले साथ यात्रा करने के दर्ज किए गए। अनियमित टिकट पर 8.41 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया। बिना बुक सामान के 20 और धूम्रपान, गंदगी फैलाने आदि के 618 मामले दर्ज किए गए।



भारतीय रेलवे के कुशल और सुरक्षित संचालन में टिकट चेकिंग महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। टिकट चेकिंग संगठन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी व्यक्ति बिना उचित टिकट या पास के रेलवे में यात्रा न करे। मुफ़्त भत्ते से परे अतिरिक्त सामान का विधिवत हिसाब और शुल्क लिया जाता है ताकि सभी यात्रियों के लिए आरामदायक यात्रा संभव हो सके। यात्रा टिकट परीक्षक यह सुनिश्चित करते हैं कि अधिकृत यात्री बर्थ पर बैठें और खाली बर्थ मौजूदा नियमों के अनुसार आवंटित की जाएं।



## सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वॉकथॉन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में, जोनल प्रमुख अरविंद कुमार के विशिष्ट नेतृत्व में, मुख्य आंतरिक लेखा परीक्षक (सीआईए) एसके जानकी और संतोष कुमार के साथ एक उल्लेखनीय वॉकथॉन का आयोजन किया। यह कार्यक्रम हमारे समाज में भ्रष्टाचार उन्मूलन के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए भ्रष्टाचार को न कहें : राष्ट्र के लिए प्रतिबद्ध विषय पर आयोजित किया गया था।

वॉकथॉन में ज़ोनल कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, सीआईए कार्यालय और एसएएम सहित बैंक के स्टाफ सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करने के लिए प्रभावशाली संख्या में एक साथ रैली की।।यह आयोजन अपने सभी कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और अखंडता के माहौल को बढ़ावा देने के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के समर्पण का प्रतीक था। जोनल प्रमुख अरविंद कुमार के प्रेरक नेतृत्व में, वॉकथॉन ने नैतिक मूल्यों और सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता की एक शक्तिशाली अनुस्मारक के रूप में कार्य किया। उन्होंने भ्रष्टाचार को खत्म करने में सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व को दोहराया और वित्तीय प्रणाली की अखंडता को बनाए रखने में प्रत्येक स्टाफ सदस्य द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।



## अन्नाद्रमुक विधायकों ने इरोड-गोबिचेट्टीपलायम रोड पर टोल प्लाजा का विरोध किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। अन्नाद्रमुक विधायक के.ए. सेनगोट्टैयन और के.सी. गोबिचेट्टीपलायम और भवानी निर्वाचन क्षेत्रों से करुप्पनन ने इरोड गोबिचेट्टीपलायम रोड पर पालमपालयम गांव में टोल प्लाजा की स्थापना का विरोध किया है और शुक्रवार, 13 अक्टूबर, 2023 को इरोड में कलेक्टर राजा गोपाल सुनकारा को एक याचिका सौंपी है।

दूसरे तमिलनाडु रोड सेक्टर प्रोजेक्ट के तहत, राज्य राजमार्ग विभाग के राष्ट्रीय राजमार्ग विंग ने मौजूदा इरोड - गोबिचेट्टीपलायम को दो-लेन से चार-लेन में सुधारने और मजबूत करने का काम शुरू किया है।

कावुंदपडी और गोबिचेट्टीपलायम के बीच स्थित गांव में एक टोल प्लाजा बनेगा और किसानों, व्यापारियों, वाहन उपयोगकर्ताओं और जनता ने इसका कड़ा विरोध किया और हाल ही में विरोध प्रदर्शन किया। दोनों पूर्व मंत्रियों सहित पूर्व विधायक के.वी. रामलिंगम और पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मुलाकात की और एक याचिका प्रस्तुत की।

## सेंथिलबालाजी की न्यायिक हिरासत 20 अक्टूबर तक बढ़ी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई की एक विशेष अदालत ने राज्य के बिना विभाग के मंत्री वी. सेंथिलबालाजी की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 20 अक्टूबर तक के लिए बढ़ा दी। बालाजी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हवाला कारोबार मामले में गिरफ्तार किया था।

सेंथिलबालाजी को आभासी माध्यम से प्रथम अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश डी. लिंगेश्वरन के समक्ष पेश किया गया था, जिन्हें उनकी (श्री सेंथिबालाजी) न्यायिक हिरासत 20 अक्टूबर तक बढ़ा दी। इस बीच, मंत्री की जमानत याचिका पर 16 अक्टूबर को मद्रास उच्च में सुनवाई होगी। प्रधान सत्र न्यायालय द्वारा जमानत याचिका दो बार खारिज किए जाने के बाद, मंत्री के वकील ने उच्च न्यायालय का रुख किया। जमानत पूरी तरह से चिकित्सा आधार पर मांगी गयी है। आपको बता दें कि सेंथिलबालाजी एक गंभीर बीमारी से गुजर चुके और उनकी कोरोनरी बाईपास सर्जरी हो चुकी है। गत बुधवार को मामला न्यायमूर्ति जी.जयचंद्रन के समक्ष सूचीबद्ध होने के बाद उन्होंने ईडी को नोटिस देने का आदेश दिया और मामले को आगे की सुनवाई के लिए 16 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दिया था। सेंथिलबालाजी को 2011-2016 के अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) शासन के दौरान परिवहन मंत्री के रूप में काम किया था और उनके कार्यकाल के दौरान नौकरियों के लिए रुपये लेने के सिलसिले में 14 जून को उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

## अशोक लेलैंड को तमिलनाडु राज्य परिवहन उपक्रम से मिला 1,666 बसों का ठेका

**चेन्नई।** वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी अशोक लेलैंड को तमिलनाडु राज्य परिवहन उपक्रम (एसटीयू) से 1,666 डीजल बसों का ठेका मिला है। हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि यह किसी राज्य परिवहन उपक्रम से मिला सबसे बड़ा ठेका है। यह बस उद्योग में कंपनी की स्थिति को मजबूत करने में योगदान देगा। अशोक लेलैंड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शेनु अग्रवाल ने कहा, बाजारों और ग्राहकों के बारे में हमारी गहरी समझ ही दूसरों से हमें अलग करती है। इसके दम पर ही हमें ये ठेके मिल रहे हैं। अशोक लेलैंड के अनुसार, वह भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की चौथी सबसे बड़ी बस विनिर्माता कंपनी है।

## भारतीय मानक ब्यूरो ने पिछले तीन वर्षों में मानकों की संख्या में वृद्धि देखी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) में पिछले तीन वर्षों में मानकों की संख्या में वृद्धि देखी गई है। इसी अवधि में मानकों के संशोधन में भी वृद्धि देखी गई है। बीआईएस के चेन्नई शाखा कार्यालय के प्रमुख जी भवानी ने कहा कि 2020 के बाद से प्राप्त आवेदनों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि बीआईएस की चेन्नई शाखा ने पांच अखिल भारतीय लाइसेंस दिए हैं और पांच और पाइपलाइन में हैं। उन्होंने कहा कि बीआईएस ने तमिलनाडु की 4591 ग्राम पंचायतों को आम तौर पर इस्तेमाल होने वाले उत्पादों के मानकों के बारे में जानकारी देने के लिए पत्र लिखा है। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य सचिव डॉ. वी इराई अंबू ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और कहा कि मानकों ने अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद की है।

स्वागत — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



इजरायल से भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाने के लिए भारत सरकार ने 'ऑपरेशन अजय' के तहत शुक्रवार को सुबह नई दिल्ली में 212 भारतीयों को सुरक्षित लाया गया। ऑपरेशन अजय के तहत कोयम्बटूर के सात वासियों को शुक्रवार को कोयम्बटूर हवाई अड्डे पर स्वागत किया गया। कोयम्बटूर के कलेक्टर क्रांति कुमार पट्टी इन यात्रियों को पुस्तक भेंट कर स्वागत किया।

## एकदिवसीय विश्व कप में भारत-पाक मुकाबलों का इतिहास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट संबंध शायद खेल के लंबे इतिहास में सबसे विचित्र हैं। यह दो धारी तलवार की तरह है। एक तरफ तो यह एकता की ताकत है तो दूसरी ओर क्रिकेट से प्यार करने वाले दोनों देशों को एक दूसरे के खिलाफ हार नागवार है। इसकी झलक 50 ओवर के विश्व कप में साफ तौर पर दिखती है जहां भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ अब तक सभी सात मुकाबले जीते हैं।

क्रिकेट के सबसे भव्य मंच पर जहां भारत और पाकिस्तान के क्रिकेटर की नहीं बल्कि प्रशंसक भी एक-दूसरे से आगे निकलने का प्रयास करते हैं वहां आंकड़ों के समान लम्हें भी समान महत्व रखते हैं। दोनों पड़ोसी देशों के बीच क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता 1952 में शुरू हुई जब अब्दुल कारदार के नेतृत्व में पाकिस्तान ने पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय धरती पर कदम रखा लेकिन अधिक चर्चित विश्व कप की जंग 1992 में शुरू हुई। भारत प्रतिष्ठित सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में पाकिस्तान से विश्व कप में पहली बार भिड़ा और 43 रन से विजेता बना। बेहद प्रतिभाशाली 19 वर्षीय सचिन तेंदुलकर ने 62 गेंदों में 54 रन बनाए। यह उनकी उन पारियों की शुरुआत थी जिसने भविष्य में भी पाकिस्तान को नुकसान पहुंचाया। भारत ने सात विकेट पर 216 रन बनाए और फिर विपक्षी टीम को 48.1 ओवर में 173 रन पर ढेर कर दिया जिसमें कपिल देव, जवागल श्रीनाथ और मनोज प्रभाकर ने दो-दो विकेट चटकाए।

इस दौरान हालांकि मैच का वह लम्हा किवदंती बन गया जब जावेद मियांदाद भारतीय विकेटकीपर किरण मोरे की नकल करते हुए कूदते हुए नजर आए। चार साल बाद पाकिस्तान ने चोटिल वसीम अकरम की अनुपस्थिति में बेंगलुरू में क्वार्टर फाइनल में बैकफुट पर शुरुआत की। नवजोत सिंह सिद्धू की 93 रन की पारी के बाद वकार यूनिस के खिलाफ अजय जडेजा के आक्रामक तेवरों से भारत ने आठ विकेट पर 287 रन बनाए। तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने पाकिस्तान की पारी के दौरान एक ऐसा क्षण बनाया जो अब विश्व कप हॉल ऑफ फेम में प्रमुख स्थान रखता है।

आमिर सोहेल ने कवर पर एक चौका लगाया और पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज ने प्रसाद को इशारा किया कि वह इसी तरह और शॉट मारेंगे। लेकिन प्रसाद ने अगली ही गेंद पर सोहेल का विकेट उखाड़ दिया और फिर पाकिस्तान कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में नहीं दिखा और अंतत: नौ विकेट पर 248 रन पर ही बना सका। काफी बाद में प्रसाद से सवाल पूछा गया कि बेंगलूरु की उस शाम को उन्होंने सोहेल से क्या कहा था। उन्होंने चुटीला जवाब देने से पहले हंसी में कहा: आप इसे छाप नहीं सकते। विश्व कप 1999 में मैनचेस्टर में जब दोनों देशों का आमना-सामना हुआ तो एक अलग तरह की भावना थी। यह मुकाबला करगिल युद्ध की छाया में हो रहा था।

भारतीय और पाकिस्तानी प्रशंसक जीत के अलावा किसी और चीज से संतुष्ट नहीं होने वाले थे। दोनों देश के खिलाड़ी उग्र राष्ट्रवादी भावना में नहीं बहे और क्रिकेट का एक अप्रत्याशित मुकाबला खेला। राहुल द्रविड़ और मोहम्मद अजहरुद्दीन के अर्धशतकों के बाद भारत ने छह विकेट पर 227 रन का छोटा स्कोर खड़ा किया। प्रसाद एक बार फिर भारत के लिए स्टार बनकर उभरे। कर्नाटक के इस खिलाड़ी ने 27 रन देकर पांच विकेट झटके और पाकिस्तान की पारी 45.3 ओवर में 180 रन पर सिमट गई।

विश्व कप 2003 आते-आते तेंदुलकर की प्रतिभा पूरी तरह निखर गई थी। मुंबई के इस बल्लेबाज ने सेंचुरियन में अकरम, शोएब अख्तर और यूनिस की पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के खिलाफ शानदार शॉट खेले। अख्तर के खिलाफ उनका अपर कट अब भी लोगों के जहन में ताजा है जो थर्ड मैन के ऊपर से छह रन के लिए गया था।

तेंदुलकर 32 रन पर आउट हो गए होते लेकिन अब्दुल रज्ज़ाक ने उनका कैच टपका दिया। अकरम ने इसके बाद रज्ज़ाक से वह प्रसिद्ध सवाल पूछा, तुझे पता है किसका कैच छोड़ा है। सईद अनवर ने पाकिस्तान के सात विकेट पर 273 रन में 101 रन की शानदार पारी खेली थी लेकिन तेंदुलकर की 75 गेंद में 98 रन की पारी ने उस पर हावी रही। भारत की छह विकेट की जीत में युवराज सिंह ने भी नाबाद 50 रन बनाये। दोनों टीम 2007 विश्व में आमने-सामने नहीं आ पाईं और लीग चरण से ही बाहर हो गईं।

भारत 2011 में विश्व कप की सह मेजबानी कर रहा था। मोहाली में पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबला था। तेंदुलकर अपने शीर्ष को पार कर चुके थे लेकिन उन्होंने एक बार फिर जानदार पारी खेलकर भारत की जीत की नींव रखी। हालांकि उनकी 85 रन की पारी में वह चिरपरिचित अंदाज नहीं दिखा जिसके लिए वह जाने जाते हैं और इस दौरान उन्हें चार जीवनदान भी मिले। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज वहाब रियाज के 46 रन पर पांच विकेट के बावजूद भारत ने नौ विकेट पर 260 रन बनाए और फिर पांच भारतीय गेंदबाजों ने दो-दो विकेट लेकर पाकिस्तान को 231 रन पर समेट दिया। यूनिस खान और असद शफीक को शानदार गेंदों पर आउट करने के लिए युवराज सिंह का विशेष उल्लेख जरूरी है। इस दशक की शुरुआत तक क्रिकेट के मैदान पर भारत का दबदबा विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों और तेज गेंदबाजों के उदय के साथ नई ऊंचाइयों को छू गया।

# गहलोत ने आरपीएससी सदस्य के पुराने बयानों को निंदनीय बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के एक नवनियुक्त सदस्य के पुराने बयानों की निंदा करते हुए इसे पीड़ादायक बताया है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने सोमवार को विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से कुछ देर पहले ही राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) में तीन सदस्यों की नियुक्ति का आदेश जारी किया। इनमें से एक केसरी सिंह के कुछ पुराने बयानों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं, इसमें उनकी बातों को एक जाति विशेष के खिलाफ बताया जा रहा है।

गहलोत ने इस बारे में शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक बयान जारी करके कहा, कर्नल केसरी सिंह की नियुक्ति के बाद सोशल मीडिया पर उनके कुछ बयान वायरल हुए हैं, जो जाति विशेष और व्यक्ति विशेष को लेकर दिए गए हैं जो निंदनीय, पीड़ादायक एवं दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उनकी टिप्पणियों से मुझे भी बेहद दुख पहुंचा है।

गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने उनकी सैन्य पृष्ठभूमि को देखते हुए उनकी नियुक्ति की सिफारिश की थी। गहलोत ने लिखा है, सेना में रहे किसी भी व्यक्ति से जाति, धर्म, वर्ग इत्यादि से ऊपर उठकर देशसेवा की उम्मीद की जाती है। सैनिक देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अपनी जान तक न्योछावर कर देते हैं। इसलिए उनका समाज में सम्मान होता है।

मुख्यमंत्री गहलोत के अनुसार राज्य सरकार ने हाल ही में राजस्थान अधीनस्थ सेवा बोर्ड (आरएसएसबी) के अध्यक्ष के रूप में मेजर जनरल आलोक राज एवं आरपीएससी में सदस्य के रूप में कर्नल केसरी सिंह की नियुक्ति की सिफारिश की थी। उन्होंने कहा कि इन दोनों ने ना तो आवेदन किया था और ना ही इनकी कोई सिफारिश आई, इनकी 37 साल और 20 साल की सैन्य सेवाओं को देखते हुए इनको नियुक्त किया गया।

गहलोत ने लिखा, एक तरफ हमारी सरकार ने तीन लाख भर्ती निकालने का ऐतिहासिक कार्य किया जो शायद देश में सर्वाधिक है और दूसरी तरफ पेपर लीक की कुछ घटनाएं सामने आईं (अधिकांश राज्यों में ऐसी ही स्थिति बनी हुई है, सेना और न्यायपालिका तक में पेपर लीक हो गए)। ये सोचकर सरकार ने प्रयास किया कि सैन्य पृष्ठभूमि के अधिकारियों को राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) एवं राजस्थान अधीनस्थ सेवा बोर्ड (आरएसएसबी) जैसी संस्थाओं में स्थान दिया जाए, जिससे इन संस्थाओं की विश्वसनीयता कायम रहे।

## राजस्थान में पेपर लीक मामले में ईडी ने कांग्रेस नेताओं के सहयोगियों के घरों व दफ्तरों पर की छापेमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पेपर लीक मामले में ईडी की टीमों ने शुक्रवार को सुबह वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के करीबी लोगों के घरों और कार्यालयों पर छापेमारी शुरू कर दी। अधिकारियों ने कहा कि ईडी की टीमें जयपुर और डूंगरपुर में दिनेश खोदानिया के आवासों और कार्यालयों की तलाशी ले रही हैं। स्पर्धा चौधरी और अशोक जैन के जयपुर, जोधपुर और डूंगरपुर में नौ अन्य ठिकानों पर भी छापेमारी चल रही है।

दिनेश खोड़निया को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का करीबी बताया जाता है और स्पर्धा चौधरी पेपर लीक मामले में फरार चल रहे सुरेश ढाका की दोस्त हैं। अशोक जैन एक कांग्रेस नेता के करीबी भी बताए जाते हैं। ईडी सूत्रों के मुताबिक आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा और पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड भूपेन्द्र सारण को हाल ही में ईडी ने रिमांड पर लिया था।

बाबूलाल कटारा ने पूछताछ के दौरान कुछ अन्य लोगों के बारे में ईडी को जानकारी दी थी और इसके बाद ईडी ने भूपेन्द्र सारण को तीन दिन की रिमांड पर लिया था और उनसे पूछताछ की थी। बाबूलाल कटारा और भूपेन्द्र सारण द्वारा दी गई जानकारी ईडी के दिल्ली कार्यालय भेजी गई, जहां एक टीम ने दिनेश खोदानिया, अशोक जैन और स्पर्धा चौधरी की जांच शुरू की। सप्ताह भर चली जांच के दौरान उनके बैंक विवरण, पृष्ठभूमि, संपर्क और आगामी विधानसभा चुनाव में भूमिका की जांच की गई। इसके अलावा सिविल लाइंस में कई वरिष्ठ नेताओं के संपर्कों की भी जानकारी ईडी को मिली है. इसके बाद दिल्ली और गुजरात से टीमें जयपुर में छापेमारी के लिए भेजी गईं।

मुलाकात



जयपुर में शुक्रवार को अपने निवास पर आए भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और आमजन से मुलाकात करते भाजपा प्रदेश अधयक्ष सीपी जोशी।

# अलवर में चुनाव के लिए 6000 पुलिस जवानों की है जरूरत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। राजस्थान के अलवर जिले में विधानसभा चुनाव कराने के लिए करीब 6000 जवानों की जरूरत रहेगी। अलवर में 51 कंपनियां पैरामिलेक्ट्री फोर्सेज की मांग की गई है। जिला पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि अलवर में फिलहाल 1750 पुलिसकर्मियों की नफरी है और चुनाव में ज्यादा फोर्स की जरूरत पड़ती है। अतिरिक्त फोर्स की मांग की गई है। जहां बाहर की फोर्स ,होमगार्ड, पैरामिलिट्री फोर्सेस,



आरएसी जवानो की टुकड़ियां चुनाव में आएंगी।

उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर काफी मशक्कत चल रही है क्योंकि अभी हाल में ही अलवर जिले को तीन हिस्सों में बांटकर अलवर, खैरथल- तिजारा और कोटपूतली- बहरोड जिला बनाया गया है लेकिन निर्वाचन का कार्य इन जिलों में अलवर जिला कलेक्टर और अलवर जिला पुलिस अधीक्षक ही संभालेंगे जबकि नए बने जिलों में भी एसपी और कलेक्टर नियुक्त कर दिए गए हैं।

उन्होंने बताया विगत तीन दिनों में 2000 लोगों को विभिन्न धाराओं में पाबंद किया गया है जो अशांति फैला सकते हैं। हरियाणा के नूह की घटना के बाद अलवर जिले के मेवात में संवेदनशीलता बढ़ी है। ऐसे में अलवर पुलिस ने 108 सीआरपीसी में 410 लोगों को चिन्हित किया है जो सांप्रदायिक सौहार्द का माहौल बिगाड़ सकते हैं।

## भाजपा ने विधानसभा चुनाव की पूरी तैयारी कर ली है : लखावत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



ओंकार सिंह लखावत

अलवर। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी भाजपा के वरिष्ठ नेता ओंकार सिंह लखावत ने कहा कि पार्टी ने राज्य में विधानसभा चुनाव की पूरी तैयारी एवं परीक्षण कर लिया गया है। एक दिवसीय दौरे पर अलवर पहुंचे राजस्थान विरासत एवं संरक्षण प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष लखावत आज यहां मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने मतदान स्थल से लेकर विधानसभा क्षेत्र कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क तक पूरी तैयारी कर ली गई है।

अब पार्टी अपना घोषणा पत्र तैयार कर रही है जिसमें राजस्थान के सभी लोगों से अपने सुझाव मांगे गए हैं कि वह किस तरीके का राजस्थान चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि यह घोषणा पत्र आमजन का होगा इआरसीपी के मुद्दे पर कांग्रेस द्वारा यात्रा निकालने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र है और हर राजनीतिक पार्टी को यात्रा निकालना चाहिए। अपनी बात जनता तक पहुंचाने का उसको अधिकार है। उन्होंने यह भी कहा कि यह विफलता की यात्रा निकालना चाहते हैं और अंतिम यात्रा है।

लखावत ने अलवर में पार्टी द्वारा आयोजित जिला चुनाव प्रबंधन समिति एवं विधानसभा चुनाव प्रबंधन समितियो की कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता पूर्व विधायक हेम सिंह भड़ाना पूर्व विधायक जयराम जाटव शहर विधायक संजय शर्मा सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

## 14 लाख रूपये की कीमत की अवैध शराब बरामद

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले में अवैध शराब बिक्री की रोकथाम एवं धरपकड अभियान के तहत अलग-अलग कार्यवाही में 3022 लीटर अंग्रेजी एवं देशी शराब बरामद की है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 14 लाख रूपये है। गोविंदगढ़ थानाधिकारी हितेश शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा सैमला रोड रामबास पर एक दुकान में आरोपी शेरू उर्फ शैलेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से अलग अलग ब्रांड कब्जे से भारी मात्रा में अलग अलग ब्रांड की करीब 822 लीटर देशी एवं अंग्रेजी अवैध शराब बरामद। जिसकी अनुमानित कीमत करीब छह लाख रुपये है। बिक्री की नगद राशि 24,300 रुपये जप्त की गई।

# नारी शक्ति का जश्न मनाने के लिए 'यशस्विनी' नामक सीआरपीएफ महिला बाइकर्स की रैली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। बालिकाओं के महत्व पर जागरूकता फैलाने और नारी शक्ति का जश्न मनाने के लिए ''यशस्विनी'' नामक सीआरपीएफ महिला बाइकर्स की रैली का आयोजन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं सीआरपीएफ के तत्वावधान में श्रीनगर से लेकर कन्याकुमारी तक किया जा रहा है। यह रैली 5 अक्टूबर 2023 को श्रीनगर से प्रारम्भ हो चुकी है जो 31 अक्टूबर 2023 तक रहेगी। इस दौरान यह रैली भारत के विभिन्न राज्यों से होकर गुजरेगी। यह रैली 21से 24 अक्टूबर 2023 के बीच राजस्थान के विभिन्न जिलों से गुजरेगी। राजस्थान के जिलों में बाईक रैली के प्रवेश के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन एवं बाईक रैली के सुगम क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु जितेन्द्र उपाध्याय, शासन सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन सचिवालय, जयपुर में बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में सीआरपीएफ के राजस्थान सेक्टर के पुलिस महानिरीक्षक विक्रम सहगल, कमाण्डेंट पूनम गुप्ता, आयुक्त महिला अधिकारिता रश्मि गुप्ता, निदेशक, समेकित बाल विकास सेवाएं रामावतार मीणा, पुलिस उपायुक्त प्रहलाद कृष्णिया एवं जिला प्रशासन की ओर से अबू सूफियान, अतिरिक्त जिला कलेक्टर आदि उपस्थित रहे। बैठक में राजस्थान में इस रैली के सफल आयोजन बाबत समुचित प्रबन्धन हेतु उचित निर्णय लिये गये। बैठक में बताया गया कि 21 अक्टूबर 2023 को राजस्थान की बॉर्डर अलवर जिले की सीमा पर रैली का महिला अधिकारिता विभाग एवं सीआरपीएफ के अधिकारियों द्वारा स्वागत किया जाएगा। तत्पश्चात आनन्द इन्टरनेशनल स्कूल, कानोता, जयपुर में स्वागत सत्कार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में बताया कि 22 अक्टूबर को अल्बर्ट हॉल पर इस रैली का स्वागत करते हुए राज्यपाल के आतिथ्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 22 अक्टूबर को आना सागर झील, अजमेर में सीआरपीएफ बाईक रैली का कार्यक्रम होगा तथा 23 अक्टूबर 2023 को अजमेर से रवाना होकर बाईक रैली उदयपुर पहुंचेगी। 24 अक्टूबर 2023 को रैली के स्वागत में उदयपुर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा एवं इनका विदेशी पर्यटको से संवाद भी करवाया जाएगा। राजस्थानी संस्कृति के अनुरूप इस रैली के स्वागत में विभिन्न स्थानों पर स्वागत एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। महिला अधिकारिता, सीआरपीएफ एवं जिला प्रशासन के सहयोग से राजस्थान के अलवर, जयपुर, अजमेर, राजसमन्द एवं उदयपुर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।



# जवाहर कला केन्द्र में तीन दिवसीय शरद रंग महोत्सव की हुई शुरूआत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शुभ्रा सिंह ने कहा कि डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान कला एवं संस्कृति को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने का कार्य कर रहा है ताकि राजस्थानी कला एवं संस्कृति का मौलिक स्वरूप में बना रहे। काउंसिल ने कुछ समय में अच्छी पहल कर राजस्थान डेल्फिक खेलों के आयोजन से कला एवं संस्कृति के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद राजस्थान कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में विश्व में अपनी एक अलग पहचान रखता है।

शुभ्रा सिंह शुक्रवार को जवाहर कला केन्द्र में तीन दिवसीय शरद रंग महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि मसूरी में ट्रेनिंग के दौरान यह सिखाया जाता था कि सरकारी सेवा के दौरान अलग-अलग स्थानों पर पदस्थापन के दौरान कार्य की व्यस्तता रहती है, ऐसे में अपनी हॉबी को बनाए रखे। इसके लिए समय जरूर निकाले। उन्होंने कहा कि राजस्थान की संस्कृति जीवन शैली में घुली मिली है और उसे आगे बढ़ाने के लिए डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान युवाओं को बेहतर मंच प्रदान कर रहा है।

प्रमुख शासन सचिव सहकारिता एवं डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान की अध्यक्ष श्रेया गुहा ने काउंसिल का परिचय देते हुए काउंसिल द्वारा किए गए आयोजनों एवं गतिविधियों के बारे में बताया। प्रसिद्ध वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर एवं पीसीसीएफ (प्रशासन) अरिजीत बनर्जी ने इस मौके पर कहा कि डेल्फिक की गतिविधियां रोचक एवं प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफी कला एवं विज्ञान का मेल है।

इस मौके पर अतिथियों ने काउंसिल की ई-बुक का लांच किया। काउंसिल के महासचिव एवं निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जितेन्द्र सोनी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। उतर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र पटियाला के निदेशक फुरकान खान ने तीन दिवसीय कार्यशाला के बारे में अवगत कराया। इस अवसर अतिरिक्त महानिदेशक जवाहर कला केन्द्र प्रियंका जोधावत, उपायुक्त जेडीए शिप्रा शर्मा से अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। जवाहर कला केंद्र के रंगायन में 14 अक्टूबर को सांय 7 बजे दिल्ली के प्रसिद्ध नृत्य गुरु और कोरियोग्राफर संतोष नायर की नृत्य नाटिका मिस्टिकल फॉरेस्ट का मंचन होगा।

## सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने लॉकरों में काला धन होने का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि जयपुर स्थित एक भवन में 100 निजी लॉकरों में 500 करोड़ रुपये का काला धन और 50 किलोग्राम सोना रखा हुआ है। मीणा ने पुलिस से लॉकर खोलने की मांग की। हालांकि, यह खुलासा नहीं किया कि लॉकर किसके हैं।

उल्लेखनीय है कि भाजपा ने मीणा को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सवाई माधोपुर सीट से उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने यहां पिंक सिटी प्रेस क्लब में मीडिया के सामने दावा किया, लगभग 100 लॉकर हैं जिनमें लगभग 500 करोड़ रुपये और 50 किलोग्राम सोना है। मैं तब तक गेट पर बैठा रहूंगा जब तक पुलिस आकर लॉकर नहीं खोल देती।

हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि लॉकर किसके हैं। मीणा ने कहा, मैं नामों का खुलासा बाद में करूंगा क्योंकि अगर मैं अभी खुलासा करूंगा, तो राजनीतिक दबाव में लॉकर नहीं खोले जाएंगे। प्रेस क्लब से मीणा ने मीडिया से उस भवन तक उनके साथ चलने को कहा जहां के लॉकरों में उनके दावे अनुसार काला धन रखा हुआ है। वह मीडिया के साथ उस भवन में गए जहां लॉकर हैं। उन्होंने कहा, जयपुर पुलिस को लॉकर खोलने चाहिए।

मुलाकात



जयपुर में शुक्रवार को अपने निवास कांग्रेस कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि से मुलाकात करते पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट।

# टिकट से वंचित लोगों को मनाने के लिए मैदान में उतरे भाजपा नेता

राजस्थान विधानसभा चुनाव



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची से नाम गायब होने से नाराज नेताओं को मनाने के लिए भाजपा में कवायद चल रहे हैं। टिकट बंटवारे से उपजे सियासी विवाद को खत्म करने के लिए पार्टी के शीर्ष नेताओं ने मोर्चा संभाल लिया है। इन्हीं प्रयासों के तहत गुरुवार को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अजमेर का दौरा किया, संगठन महासचिव चंद्रशेखर झुंझुनू गए, प्रदेश सह-प्रभारी विजया रहाटकर सांचौर में थी। जबकि, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया ने श्रीगंगानगर और पार्टी प्रभारी अरुण सिंह ने जयपुर में 'नाराज' नेताओं से बात की।

शुक्रवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता चुनाव के संबंध में महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। हाल ही में अरुण सिंह ने दो बार के सीएम और पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत के दामाद पूर्व विधायक नरपत सिंह राजवी के साथ बैठक की, ताकि उन्हें समझाया जा सके कि उनकी चिंताओं को आलाकमान तक पहुंचाया जाएगा और समाधान किया जाएगा। गौरतलब है कि बीजेपी की ओर से जारी की गई पहली सूची के बाद राज्य भर में चौतरफा विरोध शुरू हो गया है। सूत्रों के अनुसार, बीजेपी चुनाव में कांग्रेस के खिलाफ लड़ रही है, लेकिन जिस तरह से वसुंधरा राजे के करीबी नेताओं के टिकट काटे गए हैं, उससे पता चलता है कि वह सबसे पुरानी पार्टी के अलावा, वसुंधरा राजे के साथ शीत युद्ध भी लड़ रही है।

उन्होंने कहा कि आरएसएस भी सूची से काटे गए कुछ नामों से खुश नहीं है। इसी बीच कथित तौर पर वसुंधरा राजे और उनके समर्थक अपने करीबी नेताओं के टिकट रद्द होने के बावजूद दूसरी सूची का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, वह एक अनुशासित प्लेयर की तरह शांत और धैर्य बनाए हुए हैं, लेकिन यह देखना होगा कि क्या पिछले साढ़े चार साल से मुख्यधारा में आने का इंतजार कर रही वसुंधरा राजे, दूसरी सूची के बाद अपना संयम बरकरार रख पाएंगी?

राजस्थान बीजेपी चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नारायण पंचारिया ने कहा कि राजे केंद्र में जय प्रकाश नड्डा के बाद बीजेपी की दूसरी सबसे बड़ी नेता हैं। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी में कोई गुट या खेमा नहीं है। केवल 'कमल' ही हमारी पहचान है। राजे हाल ही में झारखंड में भी ध्वजवाहक थीं और उन्होंने अपना काम काफी कुशलता से किया।

# ईरानी का गांधी परिवार पर निशाना-कहा, देश चलाने वालों ने अमेठी की जनता को उसके हाल पर छोड़ दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**अमेठी (उप्र)/भाषा।** केन्द्रीय मंत्री एवं अमेठी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद स्मृति ईरानी ने शुक्रवार को गांधी परिवार, खासकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि अमेठी से चुनाव जीतकर सरकार चलाने वालों ने कभी देश के विकास के बारे में नहीं सोचा और क्षेत्र के लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया।

ईरानी ने यहां 'सांसद खेलकूद प्रतियोगिता2023' के समापन अवसर पर अपने सम्बोधन में गांधी परिवार को निशाने पर रखा। उन्होंने अमेठी से सांसद रह चुके पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम लिये बगैर कहा, 'कुछ लोगों ने यहां से चुनाव जीता और देश की सरकार चलाई। उन्होंने यहां के लोगों के विकास के बारे में कभी नहीं सोचा और उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया। वे खुद जीतते रहे लेकिन विकास की ओर नहीं देखा।'

उन्होंने कहा, 'गोमती नदी के पिपरी घाट पर पुल का निर्माण तब हुआ जब केंद्र में नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनी।'

ईरानी ने कहा, 'यहां से जीतने वाले सांसद दिल्ली में बैठकर बिजली का आनंद लेते थे और लोगों को अंधेरे में छोड़ देते थे, लेकिन नरेन्द्र मोदी की सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने अमेठी के एक लाख 23 हजार परिवारों को बिजली देने का प्रयास किया है।' उन्होंने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पर भी परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा, 'एक परिवार की महिला अमेठी से सांसद हुआ करती थीं लेकिन उन्होंने कभी अमेठी की महिलाओं के सम्मान के बारे में नहीं सोचा और न ही अमेठी में शौचालय बनाने के लिए कोई काम किया।

नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र और योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सरकर बनने के बाद अमेठी के हर घर में शौचालय बनाने का काम किया गया। हमारी सरकार ने महिलाओं के सम्मान के लिए काम किया है।'

# तीस्ता नदी की बाढ़ में बहकर आये मोर्टार के 16 गोलों को बंगाल में निष्क्रिय किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जलपाईगुड़ी (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** सिक्किम में पिछले सप्ताह बादल फटने और फिर अचानक बाढ़ आने के बाद तीस्ता नदी में बहकर आये मोर्टार के 16 और गोले पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में निष्क्रिय किये गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। क्रांति पुलिस चौकी प्रभारी मंसूरुद्दीन ने बताया कि पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने बृहस्पतिवार को चेंगमारी ग्राम पंचायत के एक क्षेत्र में मोर्टार के 16 और गोले बरामद किए और उन्हें निष्क्रिय कर दिया। इससे पहले बुधवार को भी मोर्टार के 20 गोलों को निष्क्रिय किया गया था।

पुलिस का मानना है कि मोर्टार के ये गोले सेना के थे और पड़ोसी राज्य सिक्किम में बादल फटने और अचानक आई बाढ़ के पानी में बहकर यहां आ गये। पिछले सप्ताह जिले में तीस्ता नदी की बाढ़ के पानी में बहकर आया मोर्टार का एक गोला फटने से दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि चार अन्य घायल हो गये थे, जिसके बाद यह कवायद की जा रही है। पुलिस ने कहा, ''पिछले दो दिनों में कुल मिलाकर मोर्टार के 36 गोले निष्क्रिय किये गये हैं। तलाशी अभियान जारी रहेगा।''



# प्रधानमंत्री मोदी की 'मजबूत और संवेदनशील' सरकार इजराइल से प्रत्येक भारतीय को सुरक्षित लाएगी : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कहा कि भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत और संवेदनशील सरकार है जो इजराइल में फंसे प्रत्येक भारतीय की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करेगी।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इजराइल से 200 से अधिक भारतीयों के पहले जत्थे को सुरक्षित वापस लाने के लिए सरकार की प्रशंसा की और इसे 'अभूतपूर्व बचाव मिशन' बताया। उन्होंने कहा, ''जब वहां इस तरह का भयावह दृश्य है, ऐसे में एक संवेदनशील और सुदृढ़ सरकार मजबूत कदम उठा रही है। 'ऑपरेशन अजय' के तहत विशेष विमान से 212 भारतीयों को सुरक्षित वापस लाया गया है। यह पूरे भारत के लिए गौरव का क्षण है।''

छात्रों सहित भारतीयों का पहला जत्था शुक्रवार को तड़के एक चार्टर्ड उड़ान से इजराइल से स्वदेश लौटा। भारत ने हमास के चरमपंथियों द्वारा इजराइल पर हमले किये जाने के बाद स्वदेश वापस आना चाह रहे लोगों की सुविधा के लिए 'ऑपरेशन अजय' चलाया है। प्रत्येक नागरिक को समझना चाहिए कि सरकार इजराइल में फंसे हुए भारतीयों को सुरक्षित वापस लाने की जिम्मेदारी पूरी कर रही है और संसाधनों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा, ''मैं वहां भारतीयों से शांत और सुरक्षित रहने की अपील करता हूं। और हम सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी सुरक्षित भारत लौटें। यह हमारी आपके लिए प्रतिबद्धता है।''

# मामला लंबित होने के कारण कृष्ण जन्मभूमि से जुड़ी याचिका खारिज की: उच्च न्यायालय

**प्रयागराज/भाषा।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद स्थल को कृष्ण जन्मभूमि घोषित करने के अनुरोध वाली जनहित याचिका खारिज किए जाने का कारण शुक्रवार को अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया। मुख्य न्यायाधीश प्रितिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की पीठ ने पेशे से अधिवक्ता महक माहेश्वरी द्वारा दायर जनहित याचिका 11 अक्टूबर को खारिज कर दी थी, लेकिन याचिका खारिज किए जाने का कारण प्रतीक्षारत था।

जनहित याचिका खारिज करते हुए अदालत ने कहा, चूंकि मौजूदा रिट (जनहित याचिका) में शामिल मुद्दे पहले से ही (लंबित मुकदमों में) इस अदालत का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं, हम इस रिट पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं और इस प्रकार से इसे खारिज किया जाता है।'' इससे पूर्व, राज्य सरकार की ओर से पेश मुख्य स्थायी अधिवक्ता कुणाल रवि सिंह ने इस याचिका का यह कहते विरोध किया था कि यद्यपि इस याचिका को जनहित याचिका के तौर पर बताया है, यह जनहित में नहीं है, बल्कि यह एक निजी कारण का समर्थन करता है क्योंकि याचिकाकर्ता भगवान श्रीकृष्ण की प्रबल भक्त होने का दावा करती हैं। उन्होंने दलील दी, स्थानांतरण आवेदन (दीवानी) संख्या 88, 2023 (भगवान श्रीकृष्ण विराजमान एवं सात अन्य बनाम उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड एवं तीन अन्य) में 26 मई, 2023 को पारित आदेश के तहत सिविल न्यायाधीश, सीनियर डिवीजन, मथुरा के समक्ष लंबित 10 मामले इस अदालत को स्थानांतरित किए गए हैं और वे लंबित हैं। इन मुकदमों में भी वही मुद्दे उठाए गए हैं जो इस रिट (जनहित याचिका) में उठाए गए हैं।

# पहले अमेठी के सांसद केवल चुनाव के समय नजर आते थे: योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**अमेठी (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बिना नाम लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 2019 से पहले अमेठी के सांसद केवल चुनावों में नजर आते थे। मुख्यमंत्री योग ने अमेठी सांसद खेल प्रतियोगिता 2023 के तहत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा, सांसद केवल चुनाव लड़ने आते थे। चुनाव जीतने के बाद वे दोबारा चुनाव में ही नजर आते थे, लेकिन अब अमेठी में ऐसा नहीं है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा, आज अमेठी में ऐसा नहीं है। अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी 10 से 15 दिन पर अमेठी आती रहती हैं। उनके नेतृत्व में अमेठी में तेजी से विकास हुआ है। चिकित्सा सहित तमाम क्षेत्रों में काम हुआ है। अमेठी का मेडिकल कॉलेज का भी सपना पूरा हुआ है।'' भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को हराकर बड़ा उलटफेर किया था।

आदित्यनाथ ने यहां 700 करोड़ रुपये की 879 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व सांसद मनोज तिवारी भी मौजूद थे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अमेठी का यह कार्यक्रम केवल अमेठी का नहीं है बल्कि भारत की प्रतिभाओं के सम्मान का समारोह है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन पहले नहीं होते थे लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान से खेल को बढ़ावा मिला है और आज सभी ने देखा है कि चीन में किस तरीके से भारत ने अपनी खेल शक्ति का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, ''यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रोत्साहन का नतीजा है कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने 25 प्रतिशत पदक एशियाई खेलों में जीते हैं।'' उन्होंने कहा कि पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को तीन-तीन करोड़ रुपये एक सम्मान समारोह में दिए जाएंगे, साथ ही साथ उनके लिए पुलिस उपाधीक्षक का पद भी तैयार रखा गया है।

# विस अध्यक्ष को अयोग्यता याचिकाओं पर तय समय में निर्णय लेने का निर्देश दिया जाना चाहिए: पवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय से महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को एक निश्चित समय सीमा के भीतर शिवसेना और राकांपा विधायकों की अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने का निर्देश देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि याचिकाओं पर निर्णय लेने में विधानसभा अध्यक्ष की ओर से देरी की गई जिसकी वजह से राकांपा को शीर्ष अदालत का रुख करना पड़ा।

उच्चतम न्यायालय ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और कई विधायकों की अयोग्यता की याचिका पर फैसला लेने में देरी के लिए शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष को लेकर सख्त रुख अपनाया और कहा था कि अध्यक्ष, शीर्ष अदालत के आदेशों को टाल नहीं सकते। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय अगले विधानसभा चुनाव से पहले लिया जाना चाहिए नहीं तो पूरी प्रक्रिया निरर्थक हो जाएगी।

उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी के बाद सवाल के जवाब में पवार ने कहा, 'निर्देश दिया जाना चाहिए कि निर्णय एक तय समय-सीमा के भीतर लिया जाए और इसमें विलंब नहीं किया जा सकता है। यही रुख शिवसेना का भी है।' उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के दौरान राकांपा नेता सुप्रिया सुले और जितेंद्र आव्हाड मौजूद थे।

शिवसेना-(यूबीटी) और पवार के नेतृत्व वाला राकांपा गुट दोनों ही बागी विधायकों की अयोग्यता पर शीघ्र निर्णय चाहते हैं। इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने विधानसभा अध्यक्ष नार्वेकर के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है, जो स्पष्ट रूप से इस बात का संकेत है कि वह जानबूझकर शिवसेना के विभाजन पर निर्णय लेने में देरी कर रहे हैं। शिवसेना, डेढ़ साल पहले दो गुटों में विभाजित हो गई थी, जिसमें से एक गुट शिवसेना यूबीटी और दूसरा एकनाथ शिंद नीत शिवसेना गुट है।



# सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों को न्याय मिलने की शुरुआत 2014 के बाद ही हुई : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों को न्याय मिलने की शुरुआत 2014 में नरेन्द्र मोदी सरकार बनने के बाद ही हुई।

यहां दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि 2014 के बाद 1984 के दंगों से संबंधित 300 मामले फिर से खोले गए और प्रत्येक मृतक के परिवार को 5 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया। उन्होंने कहा, ''1984 के दंगों को कोई नहीं भूल सकता। मोदी सरकार के सत्ता में आने तक उन दंगों के मामले में किसी को सजा नहीं हुई। कई जांच आयोग बने, लेकिन नतीजा नहीं निकला। लेकिन मोदी ने एसआईटी बनाई, 300 मामले दोबारा खोले और जो दोषी थे उन्हें जेल भेजना शुरू किया।''

शाह ने कहा कि इतने सालों के बाद मोदी सरकार ने 3,328 मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये मुआवजा देने की प्रक्रिया को पूरा किया गया। सिख गुरुओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि सिख समुदाय के लोग धर्म और कर्म दोनों को समान रूप से लेकर आगे बढ़ते हैं और जब धर्म के लिए बलिदान की बात आती है तो एक सच्चा सिख कभी पीछे नहीं हटता। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संघर्ष के दिनों से आज देश की सुरक्षा तक सिख भाइयों का बलिदान बेमिसाल है।

शाह ने सिख गुरुओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा, ''मैं सिख धर्म की गुरु परंपरा के सामने सिर झुकाता हूं। सिख पंथ की 10 पीढ़ियों की गुरु परंपरा ने दुनिया के सामने हमलावरों के अन्याय और बर्बरता के खिलाफ संघर्ष और बलिदान का एक उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है।''

# जेल में चंद्रबाबू नायडू के जीवन को खतरा : नारा लोकेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अमरावती/भाषा।** तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के महासचिव नारा लोकेश ने शुक्रवार को कहा कि जेल में बंद उनके पिता एवं तेदेपा प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू की जान को 'निर्विवाद और तत्काल खतरा' है।

नारा लोकेश ने चंद्रबाबू नायडू की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों, दूषित पानी और संक्रमण का खतरा होने के कारण यह बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नायडू का वजन कम हो गया है और वह राजामहेंद्रवरम केंद्रीय कारागार में समय पर चिकित्सा सहायता नहीं मिलने के कारण संक्रमण और एलर्जी से पीड़ित हैं।

नारा लोकेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' चंद्रबाबू नायडू एक गंभीर स्थिति का सामना कर रहे हैं। मच्छरों, दूषित पानी, वजन घटने, संक्रमण और एलर्जी से निपटने के लिए, समय पर उन्हें चिकित्सा सहायता मुहैया नहीं कराई जा रही है। आंध्र प्रदेश सरकार उन्हें स्टेरॉयड देने की कोशिश कर रही है। '' पूर्व मंत्री के अनुसार चंद्रबाबू नायडू के जीवन को 'निर्विवाद और तत्काल खतरा' है। उन्हें जानबूझकर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। लोकेश ने दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री की जान 'निस्संदेह रूप से खतरे में है।' उन्होंने कहा, '' ऐसा क्या है जो सरकारी चिकित्सक और प्रशासन छुपाना चाह रहे हैं? अगर नायडू को कोई नुकसान हुआ, तो इसके लिए जगन मोहन रेड्डी जिम्मेदार होंगे। ''

चंद्रबाबू नायडू की पत्नी नारा भुवनेश्वरी ने भी इसी तरह की चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपने पति के स्वास्थ्य को लेकर बहुत चिंतित हैं, क्योंकि आंध्र प्रदेश सरकार कथित तौर पर उन्हें समय पर चिकित्सीय देखभाल प्रदान करने में विफल रही है।

# ममता ने बंगाल में स्वयं सेवकों, आशा कार्यकर्ताओं के लिए दुर्गा पूजा बोनस की घोषणा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल पुलिस और कोलकाता पुलिस के नागरिक स्वयं सेवकों तथा स्वास्थ्य विभाग के तहत कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं के लिए 5,300 रुपये के दुर्गा पूजा बोनस की घोषणा की है।

ममता ने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल और लोग बोनस के मुद्दे पर राज्य में पुलिस बलों के विभिन्न कैडरों के बीच विभाजन और दुश्मनी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं । ममता पश्चिम बंगाल की पुलिस मंत्री भी हैं ।

उन्होंने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, ''गलत मंशा वाले कुछ राजनीतिक दल /व्यक्ति कोलकाता पुलिस और पश्चिम बंगाल पुलिस के विभिन्न कैडरों के बीच विभाजन एवं दुश्मनी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। मैं आश्वासन देती हूं कि पश्चिम बंगाल पुलिस के नागरिक स्वयं सेवकों को भी कोलकाता पुलिस के स्वयं सेवकों की तरह 5,300 रुपये का पूजा बोनस मिलेगा।'' ममता ने कहा, ''इसके अलावा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तहत आने वाली आशा कार्यकर्ताओं को भी 5,300 रुपये का पूजा बोनस मिलेगा। क्षेत्र के मेरे सहयोगियों को पूजा की शुभकामनाएं।''

# असम : पांच करोड़ रुपये से अधिक की हेरोइन जब्त, तीन गिरफ्तार

**दीफू/गुवाहाटी (असम)/भाषा।** असम के दो जिलों में अलग-अलग जगहों पर की गई कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में हेरोइन जब्त की गई है और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि मादक पदार्थ की कुल कीमत पांच करोड़ रुपये आंकी गई है।

एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बृहस्पतिवार रात कार्बी आंगलोंग जिले के खकरजन इलाके में एक तलाशी अभियान चलाया और इस दौरान पड़ोसी नगालैंड के दीमापुर से आ रहे एक वाहन को रोका गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि वाहन की तलाशी के दौरान उसके दरवाजों में बने गुप्त स्थानों में छिपा कर रखी गई 726 ग्राम हेरोइन जब्त की गई, जिसकी कीमत चार करोड़ रु. से अधिक आंकी गई है।

# एक मैच के कारण कप्तानी नहीं पाई, एक मैच के कारण इस गंवाऊंगा भी नहीं : बाबर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अहमदाबाद/भाषा।** पाक के कप्तान बाबर आजम का मानना है कि विश्व कप में भारत के खिलाफ शनिवार को होने वाले बहु प्रतीक्षित मैच के परिणाम का उनकी कप्तानी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इस महत्वपूर्ण मैच से पहले दोनों टीम के कप्तानों पर दबाव है क्योंकि किसी भी टीम के प्रशंसक अपनी टीम को हारता हुआ नहीं देखना चाहते हैं। बाबर ने हालांकि जताया कि उन पर किसी तरह का दबाव नहीं है। यह अलग बात है कि इस मैच के नतीजे का उनकी कप्तानी पर पड़ने वाले प्रभाव से संबंधित सवाल पर वह खुश नहीं दिखे। बाबर ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, ''मुझे कभी इस बात की चिंता नहीं रही कि इस एक मैच के कारण मैं अपनी कप्तानी गंवा दूंगा। खुदा ने मेरी किस्मत में जो कुछ लिखा होगा वह मुझे मिलेगा। मैं जिसका हकदार हूं वह मुझे मिलेगा। मुझे एक मैच के कारण कप्तानी नहीं मिली और मैं एक मैच के कारण उसे गंवाऊंगा भी नहीं।''

आईसीसी की प्रतियोगिताओं में भारत के खिलाफ उनका रिकॉर्ड अच्छा नहीं है और उन्होंने इसे स्वीकार भी किया। उनका मानना है कि आईसीसी प्रतियोगिताओं से इतर भारत के खिलाफ नहीं खेलना इसका एक कारण है।

बाबर ने कहा,'' विश्व कप में मेरा रिकॉर्ड अभी वैसा नहीं है जैसा कि होना चाहिए, लेकिन उम्मीद है कि अगले मैच में आपको कुछ अंतर नजर आएगा। भारत के खिलाफ हम केवल विश्व कप में ही एक दूसरे का सामना करते हैं। ऐसे में हमें एक दूसरे के खिलाफ खेलने का लंबे अंतराल में मौका मिलता है। मेरे खराब रिकॉर्ड का कारण गेंदबाज नहीं हैं। कई बार मैंने अपनी गलतियों से विकेट गंवाया''

पाकिस्तान की हौसला अफजाई करने के लिए चाचा शिकागो बशीर को छोड़कर पाकिस्तान का कोई भी प्रशंसक नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मौजूद नहीं रहेगा। ऐसे में भारतीय प्रशंसकों के सामने खेलने के दबाव से जुड़े सवाल पर बाबर ने कहा,''इसको लेकर किसी तरह का दबाव नहीं है क्योंकि हम पहले भी खचाखच भरे स्टेडियम में खेलते रहे हैं। हम एमसीजी और अन्य बड़े स्टेडियमों में लाखों दर्शकों के सामने खेले हैं। मैं जानता हूं कि स्टेडियम भारतीय दर्शकों से भरा रहेगा। यदि पाकिस्तानी दर्शकों को यहां आने की अनुमति मिलती है तो यह हमारे लिए अच्छा होगा।'' उन्होंने कहा,''जब हम हैदराबाद पहुंचे तो हमें वहां काफी समर्थन मिला। मुझे लगता है कि वहां पाकिस्तान की टीम के काफी समर्थक थे और मुझे यहां भी ऐसी उम्मीद है। ''

# गिल ने किया जमकर अभ्यास, रोहित शर्मा ने कहा 99 प्रतिशत खेलना तय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com







**अहमदाबाद/भाषा।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने शुक्रवार को यहां कहा कि सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले विश्व कप मैच में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रोहित ने मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा,''वह कल के मैच के लिए 99 प्रतिशत उपलब्ध है।'' गिल ने भी शुक्रवार को जमकर अभ्यास किया और वह अच्छी लय दिख रहे थे। उन्होंने नेट पर जिस तरह से गेंदबाजों का सामना किया उसे देखकर लग नहीं रहा था कि डेंगू होने के कारण वह पिछले रविवार को अस्पताल में भर्ती थे।

रविचंद्रन अश्विन का सामना करते हुए गिल ने कुछ आकर्षक ऑन ड्राइव लगाए। अश्विन एक बार भी उन्हें परेशान नहीं कर पाए। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के सामने हालांकि गिल ने थोड़ी सतर्कता बरती। लगभग 20 मिनट तक नेट पर गेंदबाजों का सामना करने के बाद गिल ने थ्रो डाउन पर अभ्यास किया। इससे यह लगभग सुनिश्चित हो गया कि उन्हें ईशान किशन की जगह अंतिम एकादश में लिया जाएगा। जहां तक किशन का सवाल है तो उन्होंने आज बल्लेबाजी का अभ्यास नहीं किया।

### सुविचार

जिंदगी एक दरिया है, कोई भी इसे पार नहीं कर सकता, बस तैरते रहना सीखो।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# 'दो का चार': कंगाली का मार्ग

जल्द अमीर बनाने का झांसा देने वाली मोबाइल ऐप लोगों की जेबें खूब खाली कर रही हैं। इनके खिलाफ सरकारों को सख्त कदम उठाने की जरूरत है। ये कई लोगों को कंगाल कर चुकी हैं। आश्चर्य की बात है कि इनके बारे में अख़बारों से लेकर सोशल मीडिया तक खूब छप रहा है, लेकिन लोग फिर भी जाल में फंसते जा रहे हैं! यहां तक कि उच्च शिक्षित लोग ज्यादा ठगे जा रहे हैं। हाल में राजस्थान में सैकड़ों लोगों ने 'आसान कमाई' के लिए एक ऐप में खूब रुपए लगाए। अपने दोस्तों, रिश्तेदारों तक को मोटे मुनाफे के सपने दिखाए। उनमें से भी कई लोग 'दो का चार' के फेर में आ गए। अब इस ऐप ने काम करना बंद कर दिया है। उसके कर्ता-धर्ता कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। कुछ दिन पहले तक जो लोग अपने निवेश और मुनाफे के स्क्रीनशॉट दिखाकर दफ्तर में रौब झाड़ते थे, अब उनकी नींदें उड़ी हुई हैं। अगर वे पहले ही इस प्रकार की मोबाइल ऐप के दावों को परखने की कोशिश करते तो नुकसान से बच सकते थे। जब भी कोई कंपनी या ऐप 'दो का चार' और भारी-भरकम मुनाफे का दावा करे तो खुद से यह सवाल जरूर पूछें कि इनके पास ऐसा कौनसा नुस्खा है, जो ये इतनी मोटी रकम दे देंगे? अगर हमें दे देंगे तो खुद क्या रखेंगे? जाहिर-सी बात है कि दुनिया में ऐसी कोई निवेश योजना नहीं है, जो किसी व्यक्ति को रातों-रात मालामाल कर दे, वह भी बिना किसी जोखिम के! आज एक लाख रुपए लगाए, कल दो लाख रुपए मिल गए, फिर दो लाख के चार लाख, चार लाख के आठ लाख ...! ये जिस दर पर मुनाफा देने का दावा करते हैं, वह मौजूदा अर्थव्यवस्था में तो संभव नहीं है। हां, ऐसी योजनाएं उन लोगों को मालामाल कर सकती हैं, जो उस ऐप की ओट में बैठकर लोगों से धन ऐंठते हैं और फिर मौका देखकर चंपत हो जाते हैं। जब ऐसी मोबाइल ऐप के 'कारनामों' का भंडाफोड़ होता है तो लोगों में घबराहट फैलती है। उन्होंने जिनसे रुपए उधार लिए या 'निवेश' करवाए, उनसे संबंध बिगड़ते हैं।

इन दिनों एक सट्टा ऐप का मामला भी खूब चर्चा में है, जिसके प्रवर्तकों ने लोगों को कई करोड़ का चूना लगाया है। कभी जूस और टायर की दुकान चलाने वाले ये लोग अपनी ईमानदारी और मेहनत से काम करते हुए समृद्ध होते तो समाज के लिए आदर्श बनते। इन्होंने जो रास्ता अपनाया, वह 'इसकी टोपी उसके सिर' वाला था। इन्होंने लोगों के लालच का खूब फायदा उठाया। उन्हें मालदार होने का सपना दिखाते रहे और खुद के बैंक खातों में दौलत जमा करते रहे। वह भी इतनी कि अपनी शादी में फिल्मी सितारों को बुलाकर नृत्य करवाया, उन पर खूब रुपए उड़ाए। अब उन्हें भी ईडी के समन मिल रहे हैं। इस सट्टेबाजी के फेर में कई परिवार उजड़ गए। उन्हें पता ही नहीं चला कि अगले दांव में सबकुछ बर्बाद होने वाला है और वही हुआ। इस प्रकार की मोबाइल ऐप हो या परंपरागत तौर-तरीके, आम लोगों को सट्टेबाजी आखिरकार नुकसान ही पहुंचाती है। कई करोड़पति लोग इस जाल में फंसकर अपना सबकुछ गंवा बैठे। राजस्थान के झुंझुनूं जिले के एक गांव में किसी दुकानदार को सट्टेबाजी की ऐसी लत लगी कि उसने अपने कामकाज से ज्यादा ध्यान इसकी ओर देना शुरू कर दिया। उसे शुरुआत में कुछ फायदा हुआ, जिससे उसका लालच बढ़ गया। अब उसे जिस पूंजी से दुकान के लिए माल खरीदना था, वह सट्टेबाजी में लगाने लगा। कुछ और फायदा हुआ तो थोड़ी रकम उधार लेकर लगाई। उसमें भी फायदा हुआ तो वह खुद को किस्मत का बादशाह समझने लगा। एक दिन उसने अपने पिता की ज़िंदगीभर की बचत निकाली, प्लॉट व दुकान को गिरवी रखा और इस उम्मीद के साथ दांव लगा दिया कि अब देश का अगला अरबपति वही बनेगा। जब 'नतीजा' आया तो उसके पांवों तले से जमीन खिसक गई। वह अपने मकान-दुकान सबकुछ गंवा बैठा। अगर वह रातों-रात अमीर बनने का सपना देखने के बजाय अपनी दुकान की ओर ध्यान देता, सूझबूझ से कारोबार चलाता तो कुछ वर्षों में बहुत अच्छी स्थिति में पहुंच जाता। याद रखें, खाली हाथ हो जाने से बेहतर है- थोड़ा मुनाफा।

## ट्वीटर टॉक



राजस्थान में मोदी जी का जल जीवन मिशन माताओं - बहनों के चेहरों पर ख़ुशियों की गारंटी लेकर आया है। 'हर घर नल से जल' की मुहिम से मरूभूमि में भी महिला सशक्तिकरण की अविरल धारा बह रही है। जल ही जीवन! और हमारे लिए मिशन भी!

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**



भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य, असम के माननीय राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया जी को जन्मदिवस की आत्मीय शुभकामनाएं। ईश्वर आपको अच्छा स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन का आशीर्वाद प्रदान करें, ऐसी मेरी कामना है।

**-वसुंधरा राजे**



भारत को विकसित बनाने में देश के हर नागरिक की भूमिका है। इसके लिए हर क्षेत्र को एक भाव, एक लक्ष्य और एक संकल्प के साथ आगे बढ़ना ही होगा। इसी सोच के साथ हम देश में आप जैसे युवाओं के लिए खेलो इंडिया जैसी योजनाएं चला रहे हैं।

**-नरेन्द्र मोदी**

### प्रेरक प्रसंग

## ममता से उपचार

एक बार एक पत्रकार कलकत्ता में मिशनरीज ऑफ चैरिटी होम में मदर टेरेसा का साक्षात्कार लेने पहुंचा। पत्रकार ने मदर टेरेसा के काम के बारे में काफी सुन रखा था, लेकिन वह उनके मिशन के बारे में कुछ हद तक निंदक था। साक्षात्कार के दौरान पत्रकार ने मदर टेरेसा से पूछा, 'आप और आपकी बहनें यहां के अनगिनत गरीबों और पीड़ित लोगों के जीवन में कोई महत्वपूर्ण बदलाव कैसे ला सकते हैं? समस्याएं असहनीय लगती हैं।' मदर टेरेसा ने तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इसके बजाय वह पत्रकार को एक छोटे से कमरे में ले गई, जहां एक गंभीर रूप से कुपोषित और बीमार बच्चा एक खाट पर लेटा हुआ था। चारों ओर मक्खियां भिनभिना रही थीं और कमरे की हालत बेहद खस्ता थी। यह नजारा दिल दहला देने वाला था। मदर टेरेसा ने धीरे से बच्चे को उठाया और उसे साफ करना और खाना खिलाना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने बच्चे को अपनी गोद में उठाया, धीरे-धीरे उसका सिर सहलाते हुए गाने लगी। मदर टेरेसा द्वारा पीड़ित बच्चे के जीवन में बरसाए गए प्यार और देखभाल को देखकर पत्रकार की आंखों में आंसू आ गए।

### सामयिक

# उच्च शिक्षा प्राप्त कर विदेश में बस जाना देश के लिए नुकसानदेह

**अशोक भाटिया**
मोबाइल : 9221232130

पढ़ाई के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि चिंता का विषय है। सबसे ज्यादा चिंता इस बात की है कि इससे देश के समक्ष युवा शक्ति के पलायन की समस्या बढ़ रही है। इससे उद्योग-धंधों के लिए श्रम शक्ति की कमी की समस्या भी आ सकती है। इसके अलावा, देश की बहुमूल्य विदेशी मुद्रा विदेशों में जा रही है। यूक्रेन युद्ध में भारतीय छात्र फंसे तो नेताओं को पता चला कि इतने सारे भारतीय छात्र मेडिकल की पढ़ाई करने विदेश जाते हैं। उसके बाद मुख्यमंत्रियों से लेकर प्रधानमंत्री तक ने हैरानी जताई। इस बात पर गौर किया जाना चाहिए कि भारत से हरेक साल बड़ी संख्या में विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया आदि देशों में क्यों चले जाते हैं? यह सवाल कनाडा में जो भारत को लेकर हो रहा है उस रोशनी में पूछ जाना चाहिए। वहां जो कुछ भी घटित हो रहा है उससे पहले ही भारतीयों के साथ हिंसा के मामले सामने आने के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय अधिक जाग चूका है और अब विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को कहा था कि इजराइल में फिलहाल करीब 18 हजार भारतीय जबकि वेस्ट बैंक में करीब एक दर्जन और गाजा में तीन से चार भारतीय रह रहे हैं। जब यहाँ छात्र किसी कारण से फंसते है तो भारत सरकार को एयर -लिफ्ट का सहारा लेना पड़ता है जो परेशानी भरा होता हैं।

बताया जाता है कि पिछले कुछ वर्षों से भारत से विदेशों में जाकर शिक्षा प्राप्त कर वहीं बसने की आकांक्षा का क्रेज़ बढ़ता जा रहा है। केन्द्र सरकार के अनुसार वर्ष 2016 और 2021 के बीच 26.44 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में पढ़ने के लिए गए। एसोसिएटेड चेम्बरर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) का अनुमान है कि वर्ष 2020 में 4.5 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने गए और उन्होंने 13.5 अरब डालर का खर्च किया। वर्ष 2022 में यह खर्च 24 अरब डालर यानि लगभग 2 लाख करोड़ रूपए रहा और रेडसियर स्टार्टेजी कन्स्लटेंट की रिपोर्ट के अनुसार 2024 तक यह खर्च 80 अरब डालर यानि 7 लाख करोड़ रूपए तक पहुंच सकता है, जब अनुमानित 20 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में पढ़ने के लिए जाएंगे। केन्द्रीय मंत्री बी. मुरलीधरन ने 25 मार्च 2022 को लोकसभा को सूचित किया किया था कि वर्तमान में 13 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में पढ़ रहे हैं। यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सरकार के इस वक्तव्य के अनुसार वर्ष 2021 में 4.44 लाख विद्यार्थी विदेशों में पढ़ने गए। एक अन्य सरकारी वक्तव्य के अनुसार नवंबर 30, 2022 तक विदेशों में पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 6.46 लाख थी, यानि 45 प्रतिशत की वृद्धि।

यदि राज्यवार ब्यौरा देखें तो वर्ष 2021 तक विदेशों में पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों में 12 प्रतिशत पंजाब से, 12 प्रतिशत से ही आंध्र प्रदेश से और 8 प्रतिशत गुजरात से थे। अगर युवाओं की कुल



संख्या के अनुपात में देखा जाए तो पंजाब से प्रत्येक हजार में से 7 युवा, आंध्र प्रदेश में प्रति हजार में 4 युवा और गुजरात से प्रति हजार में से कम से कम 2 युवा विदेशों में हर साल पढ़ने जा रहे हैं। यदि वर्ष 2016 से 2022 के संचयी संख्या लें तो स्थिति काफी भयावह दिखाई देती है। पंजाब में यह संख्या 50 प्रति हजार, आंध्र प्रदेश में 30 प्रति हजार और गुजरात में 14 प्रति हजार है।

विदेशों में पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि के कारण देश की बहुमूल्य विदेशी मुद्रा विदेशों में जा रही है। ऐसा देखने में आ रहा है कि उनके माता-पिता अपनी परिसंपत्तियों को बेचकर इन युवाओं को विदेशों में पढ़ने के लिए भेज रहे हैं। एक समय था कि विदेशों में रह रहे भारतीयों के माध्यम से पंजाब के गांवों में बड़ी मात्रा में विदेशों से धन आता था। विदेशों में पढ़ाई के इस क्रेज़ के चलते यह प्रक्रिया उलट हो गई है, यानि अब विदेशों से धन आने के बजाय विदेशों को धन भेजा जा रहा है। ऐसे में जब वर्ष 2024 तक विदेशों में पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 20 लाख और उनके द्वारा खर्च की जाने वाली राशि 80 अरब डालर पहुंच जाएगी, तो यह देश के लिए अत्यंत संकटकारी स्थिति का कारण बनेगा।

गौरतलब है कि युवाओं का शिक्षा के लिए विदेशों में पलायन, देश में शिक्षा सुविधाओं की कमी की वजह से नहीं है। वास्तव में देश में पिछले दो-तीन दशकों में शिक्षा के क्षेत्र में भारी प्रगति हुई है। यदि उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों का प्रवेश देखें तो 1990-91 में जहां मात्र 49.2 लाख विद्याार्थियों ने उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लिया, यह संख्या वर्ष 2020-21 में 414 लाख तक पहुंच गई। मोटे तौर पर उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्याार्थियों की संख्या पिछले 30 वर्षों में 10 गुणा से भी ज्यादा हो चुकी है। यदि उच्च शिक्षा संस्थानों की बात की जाए तो देखते हैं कि वर्ष 2021 में देश में 1113 विश्वविद्यालय और समकक्ष संस्थान, 43796 महाविद्यालय और अन्य स्वतंत्र संस्थान 11296 थे। इसी वर्ष देश में उच्च शिक्षा संस्थानों में 15.51 लाख शिक्षक कार्यरत थे। देश में कई विश्वविद्यालय केन्द्रीय विश्वविद्यालय हैं और कई अन्य राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में निजी विश्वविद्यालय हैं और कई विश्वविद्यालय 'सम' यानि 'डीम्ड विश्वविद्यालय' हैं। देश में कई विश्वस्तरीय प्रबंधन एवं इंजीनियरिंग संस्थान हैं, जिनसे शिक्षा प्राप्त विद्यार्थी वैश्विक कंपनियों में उच्च पदों पर आसीन हैं। जहां तक शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के लिए फीस का सवाल है, अधिकांश भारतीय शिक्षा संस्थानों में फीस विदेशी संस्थानों में फीस से कहीं कम है और जिन विदेशी संस्थानों में भारतीय युवा प्रवेश ले रहे हैं, उनमें से अधिकांश का स्तर अत्यंत नीचा है।

तो सवाल उठता है कि भारी भरकम राशि खर्च कर भारत के युवा विदेशी शिक्षा संस्थानों में प्रवेश क्यों लेते हैं। इसका सीधा उत्तर यह है कि विदेशों में जाने वाले अधिकांश विद्यार्थी उच्च स्तरीय शिक्षा में प्रवेश लेकर वास्तव में कोई उच्च स्तरीय डिग्री प्राप्त करने के लिए जाते हैं, ऐसा नहीं है। आस्ट्रेलिया, कनाडा, और यहां तक कि इंग्लैंड समेत अन्य यूरोपीय देशों में जाने वाले भारतीय विद्यार्थियों का वास्तविक लक्ष्य शिक्षा प्राप्त करना नहीं, बल्कि वहां रोजगार प्राप्त करना है। लेकिन भारतीय युवा यह समझने के लिए तैयार नहीं है कि इन देशों में भी रोजगार की भारी कमी है। कई देशों में वहां के स्थानीय लोग भारतीय एवं अन्य देशों से आने वाले युवाओं के खिलाफ हिंसा की वारदातें भी देखने को मिल रही हैं। देश से जाने वाले अधिकांश युवा विद्यार्थी वहां रोजगार प्राप्त करने में असफल हो रहे हैं और उन्हें स्वदेश वापिस लौटना पड़ता है, जिसके कारण वे भारी कुंठा का भी शिकार हो रहे हैं। चूंकि व्यक्तिगत तौर पर विदेशों में जाने वाले युवा विद्यार्थी, पूर्व में विदेशों में जाने वाले भारतीयों की सफलता की गाथाओं से प्रभावित होकर विदेशों की ओर रूख कर रहे हैं। लेकिन वे यह समझ नहीं पा रहे कि आज कनाडा, आस्ट्रेलिया और यूरोपीय देशों में, जहां वे शिक्षा संस्थानों में प्रवेश ले रहे हैं, वे शिक्षा संस्थान स्वयं के आस्तित्व को बचाने हेतु भारतीय विद्यार्थियों को आसानी से अपनी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश दे रहे हैं। यही नहीं भारतीय और अन्य देशों के अति इच्छुक विद्यार्थियों से भारी फीस ऐंठने हेतु शिक्षा की कई दुकानें भी खुल रही हैं, जिनका वास्तविक शिक्षा से कोई सरोकार नहीं है।

ऐसे में केन्द्र और राज्य सरकारों को विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक युवाओं को इस हेतु वास्तविकता से अवगत कराने के लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत है, ताकि वे विदेशों में जाकर अपने माता-पिता की गाढ़ी कमाई को यूं ही न गवा दें। गौरतलब है कि पिछले लगभग दो दशकों से भारत के कई नागरिक एजेंटों के माध्यम से विदेशों में, ख़ास तौर पर खाड़ी के देशों में रोजगार की तलाश में गए और वहां उन्हें कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा। इन युवाओं के पासपोर्ट तक एजेंटों के द्वारा कब्जा लिए जाते थे और उनका तरह-तरह से शोषण भी किया जाता था। उन्हें अत्यंत अमानवीय परिस्थितियों में रहना पड़ता था, ऐसे में भारत सरकार द्वारा विविध प्रकार के प्रयासों से समझाने की कोशिश की गई और सरकार ने एजेंटों के पंजीकरण को अनिवार्य किया और विदेशों में जाने वाले भारतीयों के हित संरक्षण के लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास भी किए।इसी तर्ज पर देश के अनभिज्ञ युवा जो विदेशों में शिक्षा के नाम पर ठगे जा रहे हैं, उन्हें इस समस्या से बचाने के लिए सरकार को प्रयास करने होंगे। समाज के प्रबुद्ध वर्ग को भी इस हेतु आगे आना होगा।

### नजरिया

# उद्योगों, उपभोक्ताओं में बढ़ा मानकों के प्रति विश्वास

**बाल मुकुन्द ओझा**
मोबाइल : 9414441218

विश्व मानक दिवस एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है जिसे पूरी दुनिया में 1970 से 14 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम बेहतर दुनिया केलिए साझा दृष्टिकोण रखा गया है। यह वार्षिक कार्यक्रम पूरी दुनिया में इंटरनेशल इलेक्ट्रो-टेक्निकल (आईईसी), अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) और अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) द्वारा संयुक्त रूप से मनाया जाता है। दुनियां में प्रत्येक वस्तु और सेवा में एकरूपता बनी रहे इसके विश्व मानव दिवस मनाने की आवश्यकता महसूस की गई। विश्व मानक दिवस हर साल 14 अक्टूबर को स्वैच्छिक इंजीनियरिंग और वैज्ञानिक मानकों के विकास के लिए मनाया जाता है। इसका उद्देश्य वैश्विक अर्थव्यवस्था को मानकीकरण के महत्व के रूप में नियामकों, उद्योगों और उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता बढ़ाना है। हमारे दैनंदिन में जीवन मानकों का बहुत प्रभाव पड़ता है। मानक आधुनिक जीवन के प्रत्येक पहलू से जुड़े हैं। मानक हमारे घर, सार्वजनिक भवन, खेल के मैदान, विद्युत उपकरणों एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुरक्षित बनाने में मदद करके जीवन क्षमता बढ़ाते हैं। वे हमारे वातावरण को संरक्षण प्रदान करते हैं, उत्पादकता बढ़ाते हैं और जीवन को खुशियों से भरते है।मानक (स्टैंडर्ड्स) यह सुनिश्चित करते हैं कि सेवाओं से किस प्रकार उपभोक्ता और उद्योग का हित संभव है। इससे विश्वास और भरोसा बढ़ता है। औद्योगिक अपशिष्ट में कटौती, सीमित संसाधनों के साथ अच्छे परिणाम के लिए मानकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उत्पाद एवं सेवा क्षेत्र के विभिन्न वर्गों में मानकीकरण के कार्यों के अतिरिक्त विभिन्न प्रमाणन योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

विभिन्न प्रमाणन योजनाओं में बढ़ते हुए लाइसेंसों की संख्या यह दर्शाती है कि उद्योगों, उपभोक्ताओं और जनसाधारण में मानकों के प्रति विश्वास बढ़ा है। मानकों के प्रयोग से संपूर्ण रूप से दीर्घगामी दक्षता में वृद्धि के रूप में इसके परिणाम और उनका समाधान करने में महत्वपूर्ण माध्यम बन चुके हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के तकनीकी फायदे हैं और इससे उत्पादों तथा सेवाओं को बेहतर बनाने तथा इनसे जुड़े उद्योगों को अधिक कुशल बनाने में मदद मिलती है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वैश्विक मानकीकरण की दिशा में जो भी अच्छे प्रयास किए जा रहे हैं, उनका फायदा विकासशील देशों को ही मिलेगा। इससे न केवल अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उनकी मांग बढ़ेगी, बल्कि व्यापार में लागत भी कम होगी तथा उत्पादकता में बढ़ोतरी होगी।

मानक के माध्यम से आज पूरा विश्व एक दूसरे से जुडा हुआ है। हमारा डेबिट, क्रेडिट कार्ड एटीएम मशीन से हमारे लिए पैसे निकाल देता है, किसी भी दुकान से हमारे लिए वस्तुएं क्रय कर सकता है । हमारे द्वारा क्रय किया गया किसी भी कम्पनी का बल्ब हमारे घर के होल्डर में फिट हो जाता है । यह सब मानको के कारण ही संभव हुआ है। मानकों से ही तो लोगों में परस्पर सम्प्रेषण, मशीन, पुर्जो तथा उत्पादों में आपस में तालमेल अत्यंत सरल हुआ है। भारतीय मानक ब्यूरो निरंतर यह प्रयास रहा है कि वह निर्दिष्ट भारतीय मानकों से उत्पादों के अनुरूप मूल्यांकन द्वारा मानकीकरण के फायदों को उपभोक्ताओं तक पहुंचाए। इससे उपभोक्तााओं को गुणवत्ता वाले उत्पांद मिलने के साथ-साथ उनका स्वास्थ्य और सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है।

विश्व में वित्तीय अनिश्चितता आज सबसे बड़ा मुद्दा बनी हुई है। उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता को बनाए रखना आज बहुत बड़ा सवाल बना हुआ है। स्टैंडर्ड से उपभोक्ता का किसी चीज में विश्वास बढ़ता है। भारतीय मानक ब्यूरो का यह निरंतर प्रयास है कि वह उपभोक्ताओं को विश्वास और सुरक्षा के साथ चीज उपलब्ध करवाए। अंतरराष्ट्रीय मानक वैश्विक विश्वास के सृजक हैं। आम नागरिक को सरल एवं सुरक्षित जीवन प्रदान करने के लिए सरकार विशेष नीतियों का निर्माण करती है जिससे कि सुदृढ़ मानकों का निर्माण किया जा सके। विश्व स्तर पर विश्वास पैदा करना ही अंतरराष्ट्रीय मानकों का मुख्य उद्देश्य है। मानकों के आधार पर निर्मित वस्तुएं, सेवाएं एवं विधियां हानि रहित होती हैं तथा पर्यावरण के अनुकूल एवं सुरक्षित पद्धति से सुनिश्चित होती है। किसी भी वस्तु, सेवा या विधि के विस्तार तथा उसके विकास की रीढ़ उसकी गुणवत्ता होती है। गुणवत्ता के गतिशील एवं सुविधाजनक होने से उपभोक्ता इसमें विश्वास रखकर चलता है। आज हमारे दैनिक जीवन में संचार एवं सूचना क्षेत्र तथा चिकित्सा क्षेत्र में विकास वैश्विक विश्वास के सृजन का बहुत बड़ा उदाहरण है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ-साथ अपने परिवेश एवं परिस्थिति के अनुरूप भारतीय मानक ब्यूरो का भी इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है।

### मुद्दा

# चुनाव में कब मिलेगा आधी आबादी को पूरा हक?

**सोनम लववंशी**
मोबाइल : 70008 54500

चुनाव आयोग ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को लेकर तारीखों का ऐलान कर दिया है। मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ समेत पांच राज्यों में आगामी नवम्बर माह में चुनाव है। यह चुनाव कई मामलों में अनूठा साबित होने वाला है, क्योंकि इन पांच राज्यों के नतीज़े जहां आम चुनाव 2024 की दिशा तय करेंगे। वहीं ये चुनाव नारी शक्ति वंदन विधेयक यानी महिला आरक्षण को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियां कितनी संजीदा हैं। उसकी बानगी भी देखने को मिलेगी। अक़्सर यह बात की जाती है कि महिलाओं के सशक्तिकरण से ही देश सशक्त और समृद्ध होगा, लेकिन जब महिलाओं को चुनाव में टिकट देने की बारी आती है, तो राजनीतिक दल महिलाओं को टिकट देने से कतराते हैं। विगत चुनावों के आंकड़ों का गहन विश्लेषण करेंगे तो हम स्पष्ट देखेंगे कि बीते चुनावी रण में 8000 उम्मीदवारों में से मात्र 724 महिला उम्मीदवार को चुनावी समर में उतारा गया। जो स्थिति की गम्भीरता को बख़ूबी बयां करता है। केवल आरक्षण की बैसाखी के सहारे बड़े बदलाव की उम्मीद करना कोरी लफ्फाज़ी है। आधी आबादी को पूरा हक़ दिलाने के लिए समाज की सोच में बदलाव के साथ राजनीतिक दलों को इच्छाशक्ति भी मजबूत करनी होगी।

वर्तमान परिदृश्य में महिला आरक्षण एक स्वागतयोग्य कदम है, लेकिन इसके इतर सवाल भी कई हैं। जिनके जवाब ढूढ़ने होंगे? आख़िर ऐसा क्यों है कि राजनीतिक दलों में ये इच्छाशक्ति नहीं कि वे महिलाओं को चुनाव में टिकट वितरित कर सकें? गाहे बगाहे इस बात की चर्चा जोरों पर होती हो कि क्या महिलाएं राजनीति के दांवपेंच समझेगी? क्या वे विजयी उम्मीदवार साबित होगी या नहीं? ये सवाल हर राजनीतिक दल को परेशान करता है। महिलाओं के टिकट वितरण और चुनावी नतीज़ों पर नज़र डालें तो राजस्थान विधानसभा चुनाव में साल 2018 में महिला उम्मीदवार का चुनाव में टिकट प्रतिशत 8.24 प्रतिशत था। जिनमें 12 प्रतिशत महिलाओं ने जीत हासिल की। कुछ यही हाल मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ का भी रहा। मध्यप्रदेश में भी 8.62 प्रतिशत महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया गया। जबकि जीत प्रतिशत 9.15 फ़ीसदी रहा। छत्तीसगढ़ में 10.40 प्रतिशत महिला उम्मीदवार चुनावी मैदान में थी। जिनमे 14.44 प्रतिशत महिलाओं ने अपनी विजय हासिल की। 'यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी वर्ल्ड इंस्टीट्यूट फ़ॉर डेवलपमेंट इकोनॉमिक्स' रिसर्च की रिपोर्ट कि माने तो महिला नेता, महिला और परिवार समर्थक नीतियों को लागू करके महिलाओं और बच्चों के मुद्दों पर बेहतर ढंग से कार्य करती है।

गांधी जी के जीवन में मातृशक्ति का विशेष योगदान रहा है और उन्होंने विधायिका में महिला भागीदारी बढाने की आवाज़ कई बार बुलंद की थी। दरअसल महात्मा गांधी अपनी पीढ़ी के उन चुनिंदा शख्सियत में से एक थे, जिन्होंने भारतीय समाज में महिलाओं की केंद्रीय भूमिका को उस वक्त पहचाना। जब कांग्रेस के अंदर महिला भागीदारी और सवालों को लेकर कोई स्पष्ट रूपरेखा नहीं थी। 1931 में आयोजित दूसरे गोलमेज सम्मेलन में महात्मा गांधी ने विधायिका में महिला आरक्षण के पक्ष में कहा था कि, मैं उस विधायिका का बहिष्कार करूंगा, जिसमें महिला सदस्यों की उचित हिस्सेदारी नहीं होगी। गाँधीजी के इस विचार से हम समझ सकते हैं कि सामाजिक जीवन में महिलाओं की हिस्सेदारी को लेकर औपनिवेशिक काल में गांधी जी कितने मुखर थे। गांधीजी अक्सर कहते थे कि, महिला-पुरुष की संयुक्त साझेदारी के बिना महिला सशक्तीकरण संभव नहीं है। उनके अनुसार, यह साझेदारी आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षिक स्तर पर महिलाओं को मजबूत बनाये बिना संभव नहीं है और यह आज का सुखद आश्चर्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन सभी पहलुओं पर मातृशक्ति को मजबूत बनाने में अनवरत प्रयास कर रहे हैं। ये अलग बात है कि महिला वोटरों को साधने की रेवड़ियों में भी कोई कमी नहीं आई है। 2023 का चुनाव तो पूरी तरह से ही महिला केंद्रित हो गया है। मध्यप्रदेश के दो प्रमुख दल महिलाओं को केंद्र में रखकर ही अपनी योजनाएं बना रहे हैं। पिछले चार महीनों में मध्यप्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने 21 हजार करोड़ रुपए से अधिक की घोषणा कर डाली जबकि कांग्रेस की कमान संभालने वाले कमलनाथ ने 30 हजार करोड़ के वादों की झड़ी लगा दी है। इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह महिला वोटरों की बढती संख्या है। अब देखने वाली बात यह है कि आधी आबादी को सत्ता में हिस्सेदारी मिलती है या नहीं।

**महत्त्वपूर्ण**

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# माइकल डगलस को सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा : ठाकुर

**नई दिल्ली/भाषा**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को घोषणा की कि लोकप्रिय हॉलीवुड अभिनेता माइकल डगलस को गोवा में आयोजित होने वाले भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभिनेता माइकल डगलस अपनी पत्नी कैथरीन जीटा जोन्स और पुत्र डायलन डगलस के साथ 20 से 28 नवंबर के बीच गोवा में आयोजित होने वाले 54वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में शामिल होंगे। अनुराग ठाकुर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, '' मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि प्रख्यात हॉलीवुड अभिनेता एवं निर्माता माइकल डगलस को गोवा में आयोजित होने वाले 54वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रतिष्ठित सत्यजीत रे एक्सीलेंस इन फिल्म लाइफटाइम अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। '' उन्होंने कहा, '' माइकल डगलस का भारत के प्रति प्रेम सर्वविदित है और भारत अपनी समृद्ध सिनेमाई संस्कृति तथा अनूठी परंपराओं को प्रदर्शित करने के लिए उत्सुक है। ''

माइकल डगलस (79) ने पांच दशक से भी लंबे अपने उल्लेखनीय करियर में दो अकादमी पुरस्कार, पांच गोल्डन ग्लोब पुरस्कार और एक एमी पुरस्कार हासिल किया है। एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक 54वें आईएफएफआई के हिस्से के रूप में माइकल डगलस और कैथरीन जीटा जोन्स भी राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता, शैलेन्द्र सिंह द्वारा आयोजित एक विशेष संवाद सत्र में भी भाग लेंगे। वर्ष 1999 में 30वें आईएफएफआई में स्थापित सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है जिनके असाधारण योगदान ने सिनेमा की दुनिया को अत्यंत समृद्ध और उन्नत बनाया है।

**उद्घाटन**



हैदराबाद में शुक्रवार को आईटीईएंडसी, तेलंगाना के प्रधान सचिव जयेश रंजन, परोपकारी पिंकी रेड्डी शुक्रवार को हैदराबाद में भारत की पहली डिजाइन प्रदर्शनी के उद्घाटन के दौरान।

# युद्ध प्रभावित इजराइल से 254 नेपाली छात्रों की घर वापसी

**काठमांडू/भाषा**

युद्ध प्रभावित इजराइल से बचाए गए 254 नेपाली छात्रों का एक समूह विदेश मंत्री एन पी सऊद के नेतृत्व में शुक्रवार को काठमांडू पहुंच गया। इजराइल के बेन गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बृहस्पतिवार को उड़ान भरने वाला नेपाल एयरलाइंस का एक विमान दुबई रुकने के बाद आज सुबह यहां त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। विदेश मंत्री सऊद ने हवाई अड्डे पर उतरने के बाद संवाददताओं से कहा कि स्वदेश लौटने के लिए अनुरोध करने वाले अन्य नेपाली नगारिकों को भी जल्द वापस लाया जाएगा।

मंत्री ने बताया तेल अवीव में नेपाल के दूतावास ने स्वदेश लौटने और सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित होने के इच्छुक नागरिकों से आवेदन मांगे थे, इसके बदले में 557 नेपालियों ने अपना विवरण दिया। 'हिमालयन टाइम्स' अखबार ने मंत्री के हवाले से कहा, ''557 नेपालियों में से 503 ने स्वदेश लौटने के लिए आवेदन किया था और उनमें से 254 आज हमारे साथ घर लौट आए हैं।''

मंत्री सऊद ने यह भी बताया कि जिन 54 नेपालियों ने जोखिम वाले क्षेत्रों से स्थानांतरित होने का अनुरोध किया था, उन्हें इजराइल में सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित कर दिया गया है।

फलस्तीन चरमपंथी समूह हमास ने शनिवार को दक्षिणी इजराइल में हवाई हमले किए, जिसमें 10 नेपाली छात्र मारे गए थे। छह छात्रों को बचा लिया गया और एक लापता है। सऊद ने कहा, ''हमलों के बाद लापता हुए बिपिन जोशी की तलाश जारी है। जैसे ही हमें इस बारे में अतिरिक्त जानकारी मिलेगी, हम साझा करेंगे।'' उन्होंने बताया, ''इजराइल की ओर से कहा गया है कि शवों को सौंपने में कुछ समय लगेगा क्योंकि कानूनी प्रक्रिया को पूरा करना और प्रत्येक मृतक का विवरण अलग-अलग रखना आवश्यक है और इजराइल में शवों की संख्या काफी अधिक है।'' उन्होंने मृतकों के परिजनों और रिश्तेदारों से धैर्य रखने का अनुरोध किया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, नेपाल के 265 छात्र इजराइली सरकार की 'सीखो और कमाओ' योजना के तहत, इजराइल के विभिन्न हिस्सों में पढ़ रहे थे और लगभग 4,500 नेपाली नागरिक विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में काम कर रहे हैं।

# भारत के साथ विकास सहयोग साझेदारी को रेखांकित करती है जयशंकर की श्रीलंका यात्रा

**कोलंबो/भाषा**

विदेश मंत्री एस जयशंकर की श्रीलंका यात्रा और राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के साथ उनकी मुलाकात ने द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाया है और श्रीलंका के साथ भारत की विकास सहयोग साझेदारी की व्यापक गुंजाइश को प्रस्तुत किया है। भारतीय उच्चायोग ने शुक्रवार को यहां यह बात कही।

जयशंकर 11 अक्टूबर को 'इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन' (आईओआरए) के वरिष्ठ अधिकारियों की 25वीं समिति और मंत्रिपरिषद की 23वीं बैठक में भाग लेने के लिए कोलंबो यात्रा पर थे। इस वर्ष अपनी दूसरी श्रीलंका यात्रा के दौरान जयशंकर ने राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात की तथा दोनों देशों के कूटनीतिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े विविध क्षेत्रों पर चर्चा की।

जुलाई 2023 में श्रीलंका के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान जारी द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी दृष्टिकोण वक्तव्य को याद करते हुए, जयशंकर और विक्रमसिंघे ने व्यापार, लोगों से लोगों के बीच संपर्क और ऊर्जा साझेदारी समेत अन्य विषयों के अनेक आयामों को मजबूत करने की जरूरत पर सहमति जताई। भारतीय उच्चायोग ने एक बयान में कहा, उन्होंने दृष्टिकोण वक्तव्य (विजन स्टेटमेंट) में परिकल्पित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से प्राप्त करने के लिए तेजी से प्राथमिकता वाले कदम उठाने पर भी सहमति जताई।

इसमें कहा गया है कि यह यात्रा श्रीलंका के साथ भारत की विकास सहयोग साझेदारी की व्यापक गुंजाइश को सामने लाती है।

# अफगानिस्तान के उत्तरी क्षेत्र में जुमे की नमाज के दौरान शिया मस्जिद में धमाका

**काबुल/भाषा**

अफगानिस्तान के उत्तरी क्षेत्र में जुमे की नमाज के दौरान एक शिया मस्जिद में धमाका हुआ। एक पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने पुष्टि की है कि धमाके में लोग हताहत हुए हैं लेकिन उन्होंने इससे जुड़ा कोई आंकड़ा सामने नहीं रखा है। यह धमाका बगलान की प्रांतीय राजधानी पोल-ए-खोमरी की मस्जिद में हुआ। मस्जिद की जारी वीडियो में लाल कालीन वाले फर्श पर मलबा एवं निजी समान बिखरा हुआ है और कफन से ढके हुए शव दिखाई दे रहे हैं।

बगलान पुलिस के प्रवक्ता शेर अहमद बुरहानी ने बताया कि धमाके से संबंधित जानकारी बाद में साझा की जाएगी। धमाके की जिम्मेदारी अभी किसी ने नहीं ली है लेकिन इसके पीछे इस्लामिक स्टेट (आईएस) संगठन के होने की आशंका है। इस आतंकवादी संगठन ने पूर्व में बड़े पैमाने पर हुए हमलों में अफगानिस्तान के अल्पसंख्यक शियाओं को निशाना बनाया था। आईएस के क्षेत्रीय सहयोगी, जिसे 'खुरासान प्रांत में इस्लामिक स्टेट' के नाम से जाना जाता है, ने तालिबान के अगस्त 2021 में सत्ता पर कब्जा करने के बाद देश भर में मस्जिदों और अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ा दिए।



# फिल्म 'सैम बहादुर' का टीजर रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल की आने वाली फिल्म सैम बहादुर का टीजर रिलीज हो गया है देश के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ पर फिल्म सैम बहादुर बनायी जा रही है। इस फिल्म में सैम मानेकशॉ का किरदार विक्की कौशल निभा रहे है। फिल्म सैम बहादुर का जबरदस्त टीज़र रिलीज कर दिया गया है।टीजर में विक्की कौशल के अलावा सान्या मल्होत्रा और फातिमा सना शेख भी नज़र आ रही हैं। फातिमा सना शेख फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के रोल में हैं।टीज़र की शुरुआत में विक्की कहते हैं, एक सोल्जर के लिए उसकी जान से ज्यादा कीमती होती है उसकी इज्ज़त, उसकी वर्दी, और एक सोल्जर अपनी वर्दी की इज्ज़त के लिए अपनी जान भी दे सकता है। एक सीन में इंदिरा गांधी ,सैम से कहती हैं, सोल्जर्स की ड्यूटी है अपने देश के लिए जान देना। इस पर सैम बहादुर कहते हैं, सोल्जर्स की ड्यूटी है देश के लिए दुश्मन की जान लेना। सैम बहादुर फिल्म का निर्देशन मेघना गुलज़ार ने किया है। इस फिल्म को रॉनी स्क्रूवाला ने प्रोड्यूस किया है।यह फिल्म एक दिसंबर 2023 को रिलीज होगी।

# भारतीय गायकों को खुद को साबित करने की जरूरत नहीं : शुभा मुद्‌गल

**नई दिल्ली/भाषा**

हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायिका शुभा मुद्गल का कहना है कि गायकों की युवा पीढ़ी प्रतिभाशाली और प्रतिबद्ध है, जो रियाज करने में घंटों बिताती है, लेकिन आगे बढ़ने के लिए उसे श्रोताओं और संगठनों के समर्थन की जरूरत है।

मुद्गल ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि गायकों को यह साबित करने की जरूरत नहीं है कि वे कितने अच्छे हैं, 'इसकी जिम्मेदारी श्रोताओं और आयोजकों के हाथों में है।' मुद्गल ने कहा, छात्र और युवा कलाकार आज अपनी कला के प्रति बहुत प्रतिबद्ध हैं और वे बहुत प्रतिभाशाली भी हैं। लेकिन उन्हें संगीत प्रेमियों और आयोजकों के समर्थन की जरूरत है... दक्षिण अफ्रीकी हास्य कलाकार ट्रेवर नोआ या कनाडा के गायक जस्टिन बीबर के शो के टिकट इतनी बड़ी रकम में बेचे जाते हैं। यहां तक कि अगर उस रकम का आधा हिस्सा उभरते भारतीय कलाकारों को दिया जाता है, जिनकी प्रस्तुति का टिकट 200 रुपये या उसके आसपास होता है, तो सोचिए कि इसका कितना प्रभाव पड़ेगा। मुद्गल (64) ने हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी में नाट्य तरंगिनी द्वारा आयोजित 'परंपरा श्रृंखला' के 27वें संस्करण में प्रस्तुति दी।

लगभग चार दशकों के अपने करियर में, मुद्गल ने कुछ चर्चित गीत गाए हैं, जिनमें अली मोरे अंगना और अब के सावन , सीखो ना, पिया तोरा कैसा अभिमान और हजारों ख्वाहिशें ऐसी जैसे हिट गाने शामिल हैं।

**फैशन वीक**



नई दिल्ली में प्रगति मैदान में लैक्मे फैशन वीक के दौरान डिजाइनर अमिता गुप्ता की क्रिएशन पेश करती मॉडल।

# सारा अली खान ने इंस्टाग्राम पर शेयर की कॉलेज की पुरानी यादें

**मुंबई/एजेन्सी**



बॉलीवुड की जेन-जेड दिवा सारा अली खान ने अपने प्रशंसकों के साथ इंपीरियल कॉलेज, लंदन के पुराने दिनों को यादें साझा की। अभिनेता सैफ अली खान और अमृता सिंह के घर जन्मी सारा ने इतिहास और राजनीति विज्ञान की पढ़ाई की है। 'केदारनाथ' फेम अभिनेत्री का एक इंस्टाग्राम अकाउंट है जहां वह अपने दैनिक जीवन के अपडेट, अपने पेशेवर जीवन की खबरें और यादें भी साझा करती हैं। अब, अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर सारा ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह छात्रों से भरी कक्षा में बैठी और एक व्याख्यान में भाग लेती देखी जा सकती है।

वीडियो में शिक्षक और एक छात्र की जूम-इन झलक दिखाई गई है, जो सारा के पीछे बैठा है। सारा ने वीडियो को कैप्शन दिया, मेजर थ्रोबैक, बॉक्सिंग और कॉफी के बाद, एक साथी मिला जो फ्लूइड मकैनिक्स व्याख्यान के लिए उसके पीछे-पीछे आया। बहुत बुरा नहीं था।'' सारा को पिछली बार बॉलीवुड स्टार विक्की कौशल के साथ रोमांटिक कॉमेडी 'जरा हटके जरा बचके' में सौम्या चावला के रूप में देखा गया था। उन्हें फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के गाने 'हार्टथ्रोब' में एक विशेष भूमिका में भी देखा गया था। फिल्म में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में थे। सारा की अगली फिल्मों में 'ऐ वतन मेरे वतन', 'मेट्रो...इन दिनो', 'मर्डर मुबारक' और जगन शक्ति का एक अनाम प्रोजेक्ट शामिल है।

# बेरोजगारी के दौर से गुजर रहे हैं टीकू तलसानिया

**मुंबई/एजेन्सी**



वर्ष 1984 में टीवी सीरियल ये जो है जिन्दगी से अपने अभिनय करियर की शुरूआत करने वाले अभिनेता टीकू तलसानिया आज पूरी तरह से बेरोजगार हैं। वे फिल्मों व वेब सीरीज में काम पाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए वे एजेंटों का सहारा भी ले रहे हैं लेकिन अभी तक उन्हें कोई काम नहीं मिल पा रहा है। टीकू तलसानिया एक ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने छोटे और बड़े पर्दे पर अपने अभिनय से लोगों का दिल जीता। टीवी की दुनिया से करिअर शुरू करने वाले टीकू ने सिनेमा में भी अपनी छाप छोड़ी है। हिन्दी सिनेमा में उन्होंने ज्यादातर भूमिकाएँ हास्य अभिनेता के तौर पर निभाई हैं। इस जोनर में उनकी भाव-भंगिमाएं और बोलने का स्टाइल उन्हें अलग दर्शाता रहा है। 69 साल के टीकू तलसानिया ने 35 साल के करिअर में 250 से ज्यादा फिल्मों और सीरियल्स में काम किया है। हालांकि खूब नाम कमाने के बावजूद आज टीकू को काम नहीं मिल रहा है। टीकू ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अपना दर्द बयां किया। टीकू ने कहा कि मैं इन दिनों आंशिक रूप से बेरोजगार हूं। बॉलीवुड फिल्मों का वो दौर चला गया जब फॉर्मूला फिल्में बना करती थीं। दो गाने, थोड़ा डांस और थोड़ी कहानी के फॉर्मूले को बनाकर फिल्म हो जाती थी लेकिन अब बॉलीवुड अलग दौर में पहुंच गया है। अब फिल्में कहानी के आधार पर बनाई जाती हैं। अगर आप कहानी के किसी अहम किरदार को नहीं निभाते हैं तो काम मिलने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

मुझे बेसब्री से काम मिलने का इंतजार है। हालांकि मैं घर पर बेकार नहीं बैठा, बल्कि हरसंभव तरीके से काम पाने की कोशिश कर रहा हूं, चाहे इसके लिए ऑडिशन देने पड़े या एजेंट के जरिए या मेकर्ल को फीलर्स भेजकर। मेरे पास एक एजेंट है, एक टीम है जो स्क्रिप्ट और नाटकों की तलाश में है। उन्होंने मुझे इसके बारे में बताया और अगर मुझे ऑडिशन के लिए जाना पड़ा तो मैं ऑडिशन के लिए जाऊंगा। टीकू ने आगे कहा कि समय के साथ चीजें बदल गई हैं, लेकिन धैर्य रखने की जरूरत है। मैं लोगों के मुझे कॉल करने का इंतजार कर रहा हूं। इसके अलावा मैं यह महसूस करा रहा हूं कि मैं एक एक्टर हूं जो काम की तलाश में है। इसलिए अगर कोई सूटेबल रोल है तो मैं उसे करना पसंद करूंगा। हमारा नजरिया इसी तरह का है। टीकू हाल ही में गुजराती भाषा की फिल्म का प्रमोशन करते दिखे थे। गौरतलब है कि टीकू तलसानिया ने साल 1984 में टीवी पर प्रसारित सीरियल 'ये जो है जिंदगी' के जरिए एक्टिंग में डेब्यू किया था।



# इंटेंसली रॉ और वॉयलेंट दृश्यों से भरी है 'लिओ'

**मुंबई/एजेन्सी**

इस गुरुवार यानी 19 अक्टूबर को बॉक्स ऑफिस पर विजय थलापति की फिल्म लिओ रिलीज होने जा रही है ये फिल्म बेहद ही इंटेंस बताई जा रही है। यूके में फिल्म के डिस्ट्रिब्यूटर अहिंसा एंटरटेनमेंट ने लिओ को लेकर रिव्यू दिया है। उन्होंने फिल्म को इंटेंसली रॉ और और वॉयलेंट से भरी मूवी बताया है। दरअसल हाल ही में, अहिंसा एंटरटेनमेंट ने अपने एक्स अकाउंट से खुलासा किया कि लियो के 15+ वर्जन यूके में अननोटिसेबल चेंजेस के साथ जारी किया जाएगा। विजय स्टारर फिल्म की सराहना करते हुए, इसमें आगे जिक्र किया गया है कि फिल्म में कई वॉयलेंट सीन्स हैं और कहा गया है कि इसलिए, ये फिल्म कमजोर दिल वाले न देखें। बेहद खतरनाक

लियो के लिए उन्होंने आगे लिखा, कमजोर दिल वालों के लिए ये नहीं है। हालाँकि हमने डएज के लिए 15+ रेटिंग का लक्ष्य रखा था, BBFC ने इसे 18+ दिया, जिसका अर्थ है कि केवल 18 साल और उससे ज्यादा उम्र के लोग ही थिएटर्स में देख सकते हैं। इसमें 15-17 साल की उम्र के बच्चे इसे न देखें।

'लियो' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है इसमें तृषा कृष्णन, अर्जुन सरजा, गौतम मेनन, मैसस्किन और प्रिया आनंद भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त भी हैं। 'लियो' 19 अक्टूबर को भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# टाइगर अपने एक हाथ से दुश्मनों की सेना का मुकाबला कर सकता है : सलमान



**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान अपनी अपकमिंग एक्शन फिल्म 'टाइगर 3' की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने शेयर किया है कि जासूस का उनका मुख्य किरदार अपने एक हाथ से दुश्मनों की सेना का मुकाबला कर सकता है। फिल्म का ट्रेलर बॉलीवुड स्पाई-यूनिवर्स से संबंधित है। इसका अनावरण 16 अक्टूबर को किया जाएगा। इसमें सलमान का अलग लुक देखने को मिलेगा। सलमान ने कहा, ''टाइगर 3' में एक्शन रॉ, रियलिस्टिक लेकिन शानदार है। टाइगर फ्रेंचाइज के बारे में मुझे जो पसंद है वह यह है कि हीरो को लार्जर-दैन-लाइफ हिंदी फिल्म हीरो के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जो अपने एक हाथ से दुश्मनों की सेना का मुकाबला कर सकता है। वह तब तक लड़ सकता है जब तक कि उसके आसपास के सभी दुश्मनों का खात्मा न हो जाए।''

उन्होंने आगे कहा, ''उसकी वीरता यह है कि वह चुनौती का डटकर मुकाबला करता है और पीछे नहीं हटता, जैसा कि वास्तविक जीवन में एक टाइगर करता है, जब वह किसी का शिकार करता है। मेरा किरदार टाइगर कभी भी लड़ाई से पीछे नहीं हटता। वह आखिरी सांस तक हार नहीं मानता और वह अपने देश के लिए हमेशा तैयार रहता है।'' मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित 'टाइगर 3' के ट्रेलर को लेकर इंटरनेट पर हलचल मची हुई है। यह फिल्म अगले चैप्टर का खुलासा करने के लिए तैयार है। जासूसी यूनिवर्स की अब तक की फिल्में 'एक था टाइगर', 'टाइगर जिंदा है', 'वॉर', 'पठान' और अब 'टाइगर 3' हैं। सलमान ने कहा, ''वाईआरएफ ने टाइगर को जिस तरह बड़े पर्दे पर प्रस्तुत किया है, वह मुझे पसंद है। इसने दर्शकों को आकर्षित किया है। वे टाइगर को एक्शन में देखना पसंद करते हैं। फिल्म में अब तक के सबसे गंभीर और बेहतरीन एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को 'टाइगर 3' का ट्रेलर पसंद आएगा। 'टाइगर 3' इस दिवाली रिलीज होने के लिए तैयार है।

सलमान खान की अपकमिंग टाइगर 3 को लेकर फैंस का उत्साह सांतवे आसमान पर है। सुपरस्टार सलमान खान की ये फिल्म बॉलीवुड की दुनिया में तहलका मचाने वाली है। सलमान खान की ब्लॉकबस्टर 'टाइगर' सीरीज की ये तीसरी फिल्म यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की सबसे पहली फिल्म थी। यही वजह है सुपरस्टार सलमान खान को यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का 'बाप' बताते हैं। सलमान खान और कटरीना कैफ स्टारर मूवी 'टाइगर 3' अब रिलीज के बेहद करीब है। इस मूवी को मेकर्स इस दिवाली के मौके पर रिलीज करेंगे। इस बीच निर्माता-निर्देशक अपनी चर्चित फिल्म 'टाइगर 3' का ट्रेलर रिलीज करने वाले हैं। 'टाइगर 3' का ट्रेलर मेकर्स 16 अक्टूबर के दिन जारी करने वाले हैं। फिल्म से निर्माताओं ने उनका नया लुक फैंस को दिखाया है। सामने आए नए पोस्टर में बॉलीवुड के 'सुल्तान' काफी स्टाइलिश और डैशिंग नजर आ रहे हैं। साथ ही उनका वायलेंट लुक भी फैंस को देखने को मिला है। स्टार सलमान खान एक्शन मोड में अपने हाथों में लोहे की चेन थामे दिख रहे हैं। जिस पर फैंस ने जमकर कमेंटस किए। सामनने आए इस पोस्टर को देखने के बाद एक यूजर ने कमेंट कर लिखा, 'टाइगर शिकार के लिए तैयार है।' जबकि, एक यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, 'वो पुराने सभी बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड्स को तोड़ने के लिए काफी भूखा है।'

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

बुरे कर्मो का पुंज पाप है और अच्छे कर्मो का संग्रह पुण्य। परोपकाराय पुण्याय पापाय परपीडनम्। अर्थात् परोपकार करने से पुण्य और परपीडन से पाप मिलता है। पुण्य का पुरस्कार सुख है और पाप का दुःख। अनुभूत तथ्य है कि संसारी मनुष्य का स्वभाव विरोधाभासी है। वह पुण्य के सुखद फल की तो कामना करता है, किंतु पुण्य कर्म नहीं करना चाहता- पुणस्य फलमिच्छन्ति नेच्छन्ति पुण्य मानवाः।इसी तरह वह पाप के फल को भोगने से बचता है।





# भद्रतप अभिषेक में हुए अनेक अनुष्ठान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां महानगर के छह जैन संघों के संयुक्त तत्वावधान और आचार्यश्री उदयप्रभ सूरीश्वरजी एवं आचार्यश्री युगोदयप्रभ सुरीश्वरजी के पावन सान्निध्य में सौ दिवसीय विराट भद्रतप की सफल पूर्णाहुति के उपलक्ष में तीन दिवसीय महोत्सव का आगाज हुआ। महोत्सव के दौरान परमात्म भक्ति स्वरूप शक्रस्तव महाभिषेक का आयोजन शुक्रवार प्रातः चंद्रप्रभु जैन नया मंदिर में संपन्न हुआ, जिसमें इंडियन आइडल संगीतकार शिवमसिंह, उमंग भावसार और धीरज निब्जिया ने संगीत की मार्मिक प्रस्तुति देकर उपस्थित भक्तगणों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस मौके पर आचार्यश्री उदयप्रभ सुरीश्वरजी म.सा. ने उद्बोधन में कहा कि भद्रतप करके अपने मन, वचन एवं काया से किए हुए अनेक पापों एवं दोषों का निवारण हुआ है, परंतु इस भद्रतप के बाद हमें हमारा स्वभाव 'भद्र' बनाना होगा। 'भद्र' स्वभाव यानी सरलता का अभिगम। हमें मन में पापों का जमाव नहीं रखना है। गुरुदेव के समक्ष स्व के पापों का प्रगटीकरण करना है, यही सरलता का गुण कहलाता है। औरों के प्रति मन में वैर का भाव नहीं रखना है, वह भी सरलता का गुण है। यह सरलता मोक्ष का सरल एवं सरस मार्ग है। महावीर भगवान ने महाहिंसक अतिक्रूर चंडकौशिक जैसी आत्मा को भी अपनी भद्र मनोवृति एवं वात्सल्यपूर्ण व्यवहार से शांत कर अहिंसक बना दिया। प्रभु महावीर का यह आदर्श था कि हिंसक व्यक्ति को मारने मात्र से हिंसा बंद नहीं हो सकती।

भद्रतप के इस अभिषेक अनुष्ठान में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। शनिवार को भद्रतप के तपस्वियों के सम्मान हेतु धर्मसभा का आयोजन वेपेरी स्थित गौतम किरण के प्रांगण में किया जाएगा। चेन्नई एवं अन्य शहरों के विभिन्न संघों के पदाधिकारीगण, ट्रस्टीगण एवं श्रावक- श्राविकाएं इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। रविवार को तपस्वियों का विराट वरघोड़ा केएलपी संकल्प जैन संघ से प्रारंभ होकर वेपेरी स्थित गौतमकिरण पहुंचेगा, जहां तपस्वियों का पारणा कराया जाएगा।




# हरिओम स्माइल्स द्वारा कृत्रिम अंगों का वितरण किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। हरिओम स्माइल्स तथा चुलै स्थित आदिनाथ जैन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 12 अक्टूबर को दिव्यांगों हेतु कृत्रिम अंगदान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरिओम स्माइल्स की संस्थापक तथा लाइफ कोच मोनिका सिंघल ने दिव्यांगों को अपने हाथों से कृत्रिम अंग प्रदान किया।

हरि ओम इस्माइल एक एनजीओ संस्था है जिसकी शुरुआत सन 2015 में चंडीगढ़ से हुआ था।

एनजीओ का उद्देश्य देश के प्रत्येक दिव्यांग को उसका जीवन सुचारु रूप से चलाने के लिए निःशुल्क कृत्रिम अंगो का वितरण करना है जिससे दिव्यांग भी अपना जीवन प्रसन्नता पूर्वक जी सके ।

# अच्छे कर्म का फल सुखदायी होता है : देवेंद्रसागरसूरि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। श्री सुमतिवल्लभ नोर्थटाउन श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ में आचार्य श्री देवेंद्रसागरसूरिजी ने प्रवचन देते हुए कहा कि बुरे कर्मो का पुंज पाप है और अच्छे कर्मो का संग्रह पुण्य। परोपकाराय पुण्याय पापाय परपीडनम्। अर्थात् परोपकार करने से पुण्य और परपीडन से पाप मिलता है। पुण्य का पुरस्कार सुख है और पाप का दु:ख। अनुभूत तथ्य है कि संसारी मनुष्य का स्वभाव विरोधाभासी है। वह पुण्य के सुखद फल की तो कामना करता है, किंतु पुण्य कर्म नहीं करना चाहता- पुणस्य फलमिच्छन्ति नेच्छन्ति पुण्य मानवा:।इसी तरह वह पाप के फल को भोगने से बचता है, किंतु बड़ी चतुराई से पाप कर्म करता रहता है- पापस्य फलम् नेच्छन्ति पापं कुर्वन्ति यत्नत:। उन्होंने आगे कहा कि कर्म की प्रमुखत: तीन कोटियां हैं- सकाम कर्म, निष्काम कर्म और स्वभावज कर्म। कर्ता को उसी कर्म का फल मिलता है, जिसको करने में उसके स्वयं का हाथ होता है। जो कर्म दबाव में कराया जाता है उसका फल कर्ता को नहीं भोगना पड़ता। तामसिक और राजसिक कर्म सकाम कर्म कहे जाते हैं। चूंकि ये कर्म स्वेच्छा से किए गए वासनात्मक कर्म हैं, अत: ऐसे कृत कर्म का दु:खद फल कर्ता को भोगना ही पड़ता है। मनुष्य भावनायुक्त प्राणी है। भावना के बिना वह कर्म नहीं कर सकता है। वह चाहे अच्छा कर्म करे या बुरा कर्म। हमारे शास्त्र मनुष्य से अपेक्षा करते हैं कि वे वासना और स्वार्थ से ऊपर उठकर कर्तव्य भावना से प्रेरित होकर कर्म करें। यानी सदिच्छा या लोकसंग्रह की भावना से प्रेरित होकर किया गया कर्म निष्काम कर्म है। जैसे भुने हुए चने से अंकुर नहीं निकलता वैसे निष्काम कर्म से पुनर्जन्म का अंकुर नहीं निकलता। पैर में गड़ा हुआ कांटा कष्ट देता है और निकालने वाला कांटा पीड़ा से निजात दिलाता है। कांटा तो कांटा है। अन्त में दोनों को फेंक दिया जाता है। तात्पर्यत: सात्विक कर्म से ही तामसिक और राजसिक कर्मो से छुटकारा मिलता है और मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।



# डिस्लेक्सिया पर जागरूकता कार्यशाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां वेपेरी में स्थित गुरु श्री शांति विजय जैन विद्यालय में 'डिस्लेक्सिया' के बारे में एक जागरुकता कार्यशाला की संसाधिका डॉ. मीना ने बताया कि – डिस्लेक्सिया, विकलांगता का ही एक अंग है, जिसका संबंध मस्तिष्क की नसों और तंतुओं से होता है। इस विकार से ग्रसित विद्यार्थियों को पढ़ने, समझने और बोलने संबंधित कठिनाइयाँ हो सकती हैं। उन्होंने इस विकार को पहचानने और समझने के लिए विभिन्न प्रकार के मापदण्डों पर प्रकाश डाला। साथ ही इस तथ्य पर बल दिया कि हर एक बच्चा किसी न किसी प्रतिभा का धनी होता है। उस प्रतिभा को पहचान कर विकसित करना और उसे प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना हर एक शिक्षक का कर्तव्य है। अनेक उदाहरणों और क्रियाओं द्वारा उन्होंने यह स्पष्ट किया कि डिस्लेक्सिया के शिकार विद्यार्थियों के लिए विशिष्ट गतिविधियों द्वारा पढ़ने, समझने और बोलने संबंधित प्रक्रिया को रोचक और मनोरंजक बनाया जा सकता है। यह कार्यशाला शिक्षकगण के लिए अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक सिद्ध हुई। कार्यशाला में विद्यालय के शैक्षणिक सलाहकार वरदराजन एवं प्रधानाचार्या उमा माहेश्वरी भी उपस्थित थीं।




# गणित विज्ञान पर इंटर स्कूल गणित-विज्ञान उत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां के अन्नानगर के जयगोपाल गरोडिया विवेकानन्द विद्यालय अपनी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के पचास वर्ष पूरे करने जा रहा है। 50वें वर्ष की स्वर्ण जयंती समारोह के हिस्से में गणित विज्ञान पर एक इंटर स्कूल गणित और विज्ञान उत्सव का आयोजन किया, जिसमें गणित प्रतिनिधित्व, प्रो-गणित, गणित दिमाग-ट्रेजर हंट जैसी कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। साथ ही एमेच्योर और एविएटर्स दो श्रेणियों के तहत विज्ञान परियोजना का प्रदर्शन किया गया। कुल 25 स्कूलों ने भाग लिया।

समारोह का उद्घाटन में मुख्यअतिथि के रूप में वीआईटी के स्कूल ऑफ मैकेनिकल इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रो डॉ एम एलांगो उपस्थित थे। समापन समारोह में तारामणि के सीआईटी कैंपस के गणितीय विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ. रवीन्द्र मुख्य अतिथि के रूप में एवं सम्मानित अतिथि के रूप में क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र के अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. एल बालचन्द्रन उपस्थित थे।

प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में विभिन्न संस्थानों के प्रो. उपस्थित थे। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान तथा सांत्वना पुरस्कार विजेताओं को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी और नकद पुरस्कार दिया गया। वरिष्ठ प्राचार्य जी. विजयकुमार ने सभा का स्वागत किया और मुख्य अतिथि का परिचय दिया। और प्रिंसिपल एम. उमा ने सम्मानित अतिथि का परिचय दिया। प्रबंध न्यासी अशोक केडिया ने अतिथियों का अभिनंदन किया।

ज्ञापन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



मदुरै उत्तर भारतीय यात्री सेवा संघ के अध्यक्ष सी. अरुणकुमार, कोषाध्यक्ष ए रमेश राजपुरोहित, विजयसिंह ऊण ने गुरुवार रात्रि को मदुरै रेलवे डीआरएम ऑफिस में जाकर मदुरै के डीआरएम शरद श्रीवास्तव का स्वागत करते हुए, उनको मदुरै से जोधपुर के लिए सीधी रेल सेवा शुरू करने के लिए लिखित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कई ट्रेनों को जो जोधपुर से चलकर चेन्नई में खत्म हो जाती है उन्हें मदुरै होकर नागरकोयल तक करने की भी बात कही। ज्ञात रहे कि मदुरै और उसके आसपास में करीब लगभग एक लाख की आबादी में उत्तर भारतीय लोग यहां रहते हैं।

# अशुभ कर्म नहीं करें : साध्वी चैतन्याश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां पुरुषवाक्कम ए एम के एम में विराजित साध्वी श्री चैतन्यश्रीजी महाराज साहब अपने प्रवचन में बताया कि अज्ञानी जीव अपने द्वारा किए हुए अशुभ कर्म को लाखों वर्ष तक भोगते हैं यानी भुगतान करने में लाखों वर्ष लग जाते है परंतु ज्ञानी जीव उसे एक शव्वाशोवास में कर्म की निर्जरा कर सकता है गौतम स्वामी प्रभु महावीर से पूछते हैं कि ज्ञान इस भव में है या पर भव में है। दोनों भव में ज्ञान काम आ सकता है। उस ज्ञान को हम उंगलियों में गिनते थे आज वह उंगलियां मोबाइल चलाने के लिए तथा नोटों को गिनने के लिए उपयोग में लेते हैं। ज्ञान सभी तरफ प्रकाशमान आचारांग सूत्र में परमात्मा प्रभु महावीर ने कहा है ज्ञान की आराधना करना है तो उस ज्ञान में किसी प्रकार की शंका नहीं करनी चाहिए। हमारा ज्ञान निर्मल बने जिसमें राग द्वेष नहीं हो। ज्ञान के साथ अहंकार आ जाए तो वह इंद्रभूति बन सकते हैं पर उन्हें तारने वाले महावीर कहां से आएंगे इसलिए हमें अहंकार नहीं करना चाहिए। सम्यक ज्ञान की रोशनी चाहिए स्वयं का चिंतन करें।



# मदुरै तेरापंथ सभा सदस्यों ने आचार्यश्री के दर्शन कर आशीर्वाद लिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मदुरै। यहां मदुरै तेरापंथ सभा एवं तेरापंथ महिला मंडल ने मुम्बई के नंदनवन में जाकर आचार्य श्री महाश्रमणजी के सामूहिक दर्शन किए और क्षमायाचना की। गुरुदेव से मदुरै में चरित्र आत्माओं के चातुर्मास हेतू तेरापंथ सभा द्वारा लिखित निवेदन भी दिया। तेरापंथ सभा के अध्यक्ष अशोक जीरावला ने गुरुदेव के समक्ष सभी की तरफ से उनकी सुख साता पूछी और अपने भाव व्यक्त करते हुए गुरुदेव से मुनि श्री हिमांशु कुमारजी का मदुरै में चातुर्मास दिलाने हेतु निवेदन किया।

तेरापंथ महिला मंडल ने सुन्दर गीतिका के माध्यम से आचार्यश्री को चौमासा के लिए अर्ज किया। साध्वी प्रमुखा श्री विश्रुत विभाजी के सेवा दर्शन लाभ का अवसर भी मदुरै मंडल को मिला। मुख्य मुनि श्री महावीर मुनि के भी सामूहिक दर्शन किये एवं मंगल पाठ लिया। इस मौके से मदुरै के 25 से 30 लोग उपस्थित थे। मदुरै तेरापंथ सभा अध्यक्ष अशोक जीरावला, सहमंत्री गौतम गोलेछा, पूर्व अध्यक्ष श्रवण कुमार बोथरा, मदनलाल बैद, पुनमचंद फुलफगर एवं तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्ष लता कोठारी, मंत्री सुनीता कोठारी, निवर्तमान अध्यक्ष नयना पारख, कन्या मंडल प्रभारी दीपिका फुलफगर आदि महिला मंडल के पदाधिकारी सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।



# यंग माइंड एक्सपो में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** चेन्नई के मिंजूर में चन्द्रप्रभु जैन कॉलेज में यंग माइड एक्सपो-2023 अंतर विद्यालय एक दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन शुक्रवार को किया गया। तमिलनाडु राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से कॉलेज के विज्ञान क्लब और रसायन विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में लगभग 35 स्कूलों ने अपने मॉडल प्रदर्शित करने में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया। प्रदर्शनी में लगभग 170 कामकाजी मॉडल थे, जिनमें कुछ रचनात्मक मॉडल भी शामिल थे, जिन्हें मध्य, जूनियर और वरिष्ठ स्तरों पर विभाजित किया गया था। 13 अक्टूबर को छात्रों ने प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनों के कुछ उदाहरणों में बायोगैस का उत्पादन, एक रॉकेट मॉडल, ग्लोबल वार्मिंग, औद्योगिक वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण, अपशिष्ट पुनर्चक्रण आदि शामिल हैं। इन उदाहरणों से पता चला कि छात्रों को आविष्कार और वैज्ञानिक प्रगति की अच्छी समझ थी। यंग माइंड एक्सपो -2023 का उद्घाटन सम्मानित मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया।

# यादशक्ति को मजबूत बनाती है मां सरस्वती की आराधना : मुनिश्री राजपद्मसागर

**बेंगलूरु/दक्षिण भारत।** शहर के शांतिनाथ श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ एलएन पुरम, श्रीरामपुरम में विराजित मुनिश्री राजपद्मसागरजी की निश्रा में सरस्वती आराधना का आयोजन किया गया। मां सरस्वती की महिमा का गान करते हुए कहा मुनिश्री ने कहा कि मां सरस्वती की आराधना एवं मंत्रजाप करने से यादशक्ति बढ़ती है। अनेक पूर्वाचार्या ने ऐसे ही मां सरस्वती की आराधना की थी जिसकी वजह से जिनशासन की महान प्रभावना की। कलिकाल सर्वज्ञ श्री हेमचन्द्राचार्यजी महाराज ने की मां सरस्वती की आराधना करके साढ़े तीन करोड़ श्लोकों की रचना की।

मुनिश्री श्रमणपद्मसागरजी ने कहा कि ज्ञान द्वारा ही व्यक्ति महान बनता है। ज्ञान आधार पर जीवन अच्छे से जी सकते है। शुक्रवार को मां सरस्वती उद्यान में लाभार्थी परिवार एवं ट्रस्ट मंडल परिवार द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना एवं ज्वारारोपण विधि की गई।



Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.